कोटद्वार, बुधवार
30 अप्रैल 2025
वर्षः 47
अंकः 11 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### नदी में डूबने से युवक की मौत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : बीरोंखाल के अंतर्गत बैजरो कस्बे के समीप पूर्वी नयार नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने नदी से युवक का शव बरामद किया। थलीसैंण थाना प्रभारी लाखन सिंह ने बताया कि ग्राम चोपता पट्टी ढौंडियालस्यूं निवासी कैलाश ढौंडियाल (21) विश्वेश्वर प्रसाद सोमवार शाम करीब चार बजे बैजरो के समीप पूर्वी नयार नदी में नहाने के लिए गया था। इसी दौरान पत्थर पर अचानक पैर फिसलने से वह नदी में गिर गया। कैलाश अकेले ही नदी में गया था, इस कारण उसके गिरने की जानकारी किसी को नहीं मिल पाई। बाद में नदी में शव नजर आने पर लोग चौकस हुए व घटना की सूचना पुलिस को दी। बताया कि पुलिस ने आमजन के सहयोग से शव को नदी से बाहर निकाला।

### सड़क पर पलटी पर्यटकों की कार, तीन घायल

विकासनगर। थाना क्षेत्र अंतर्गत बैराटखाई मार्ग पर मंगलवार को पर्यटकों की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालसी में भर्ती कराया गया है, जहां से गंभीर घायल महिला को हायर सेंटर रेफर किया गया है। चकराता से विकासनगर की ओर आ रही पर्यटकों की कार बैराटखाई रोड पर बागी खड्ड के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई। लोगों ने हादसे की सूचना कालसी थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालसी पहुंचाया। थानाध्यक्ष दीपक धारीवाल ने बताया कि कार में चालक समेत पत्नी-पत्नी सवार थे। कार को पंजाब फतेहगढ़ के तिरफान माजरा निवासी चालक सुरेंद्र सिंह चला रहा था। शक्तिनगर-दिल्ली निवासी महेंद्र कुमार अग्रवाल और उनकी पत्नी अनीता अग्रवाल सवार थे। इस दौरान चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क पर ही पलट गई। हादसे में कार चालक और महेंद्र कुमार को हल्की चोटे आई। जबकि अनीता अग्रवाल का पैर फ्रैक्चर हो गया। बताया कि दो घायलों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई जबकि घायल महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### समग्र शिक्षा के 600 शिक्षकों का मार्च का वेतन जारी

काशीपुर। शासन ने समग्र शिक्षा के 600 शिक्षकों का मार्च का वेतन जारी कर दिया है। इससे शिक्षकों में खुशी है। जिले में करीब छह सौ समग्र शिक्षा के तहत शिक्षक तैनात हैं। इन्हें मार्च का वेतन नहीं मिला था। बीते दिनों राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह सिरोही ने समग्र शिक्षा के डीईओ को पत्र देकर जिले के समग्र शिक्षकों को वेतन दिलाने की मांग की थी।

पत्र में कहा है कि शिक्षकों को मार्च का वेतन न मिलने से उनके बच्चों की फीस, मकान की किस्त एवं अन्य कार्य लटक गए है। उन्होंने जल्द ही शिक्षकों का वेतन जारी करने की मांग की थी। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अमित त्यागी ने बताया कि जसपुर के भी पचास शिक्षकों का वेतन रुका हुआ था। लेकिन मंगलवार को शासन ने सभी का वेतन जारी करने का आदेश किया है।

### कैंटर से भिड़ी ऑल्टो कार, चार घायल

हल्द्वानी। ज्योलीकोट क्षेत्र के गेठिया पड़ाव में रविवार देर रात तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने आगे चल रहे कैंटर वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार चार युवक घायल हो गए। इनमें से एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे हल्द्वानी रेफर किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और यातायात व्यवस्था सामान्य कराई।चौकी इंचार्ज ज्योलीकोट अविनाश मौर्य के अनुसार, सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे 112 के माध्यम से हादसे की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि भवाली की ओर जा रहे कैंटर को पीछे से एक ऑल्टो कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सवार दो युवक छिटक कर बाहर गिर गए, जबकि दो अन्य कार के भीतर फंसे रहे। पुलिस टीम ने तुरंत रेस्क्यू कर सभी घायलों को बाहर निकाला।

## पिथौरागढ़ जनपद की सीमा सुरक्षा की दृष्टि से काफी संवेदनशील : धामी

### सीएम ने की केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से भेंट

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से भेंट की। बैठक में राज्य में विमानन क्षेत्र के विकास, हवाई कनेक्टिविटी में सुधार और उत्तराखण्ड के पर्यटन को बढ़ावा देने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिथौरागढ़ उत्तराखण्ड का एक दूरस्थ जनपद है, जहां स्थानीय लोगों के आवागमन के लिए हवाई सम्पर्क मार्ग अत्यन्त उपयोगी होगा। पिथौरागढ़ जनपद की सीमा तिब्बत (चीन) एवं नेपाल से लगी होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से भी काफी संवेदनशील है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि पंतनगर एयरपोर्ट की रनवे लम्बाई को 1,372 मीटर से बढ़ाकर 3,000 मीटर किये जाने के लिये उत्तराखण्ड सरकार द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को कुल 524.78 एकड़ भूमि हस्तांतरित कर दी गयी है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पंतनगर



एयरपोर्ट का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को तत्वरित कार्य प्रारंभ करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण और रात्रि कालीन ऑपरेशन संचालन को मध्यरात्रि तक बढ़ाने का अनुरोध किया। सरकार के इस कदम से अधिक यात्रियों को हवाई सेवाओं को लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय सम्पर्क योजना के अन्तर्गत नैनीसैनी एयरपोर्ट (पिथौरागढ़) से इन्दिरागांधी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा (नई दिल्ली) के लिए (आरसीएस उड़ान) के अर्न्तगत नियमित वायुयान सेवा प्रारंभ करने का अनुरोध किया। जिससे स्थानीय लोगों को फायदा होगा। साथ ही आरसीएस उड़ान स्वीकृति से पिथौरागढ़ से धारचूला एवं पिथौरागढ़ से मुनस्यारी के लिए हवाई सेवा आरम्भ करने से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि नैनी सैनी एयरपोर्ट पर रात्रिकालीन ऑपरेशन संचालन के दृष्टिगत एयरपोर्ट के वॉच एक्सटेंशन को बढ़ा दिया जाये जिससे अधिक यात्री वायुयान सेवा का लाभ ले सकेगें।

### 'हाउस ऑफ हिमालयाज' स्टॉल खोलने का किया आग्रह

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से देहरादून, पिथौरागढ़ और पंतनगर हवाई अड्डों पर 'हाउस ऑफ हिमालयाज' स्टॉल खोले जाने का अनुरोध किया है, ताकि स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिल सके। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने देहरादून-हल्द्वानी, देहरादून-पंतनगर और देहरादून-नागपुर के लिए सीधी हवाई सेवाएं शुरू करने तथा जॉलीग्रांट एयरपोर्ट (देहरादून) से अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाएं प्रारंभ किए जाने का भी आग्रह किया।

### स्कूल वैन हादसे में घायल एक और मासूम की हुई मौत

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बीते शुक्रवार को हुए स्कूल वैन हादसे में एक और मासूम की मौत हो गई है। मासूम का ऋषिकेश एम्स में उपचार चल रहा था। जहां मंगलवार सुबह उसने अंतिम सांस ली। मासूम की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं भिताई मल्ली गांव व ाीआरएमएस स्कूल में शोक का माहौल बना हुआ है। बता दें कि मासौं-दाणाधार-भिताई-खंडाह मोटर मार्ग पर 25 अप्रैल को शहर के बीआरएमएस स्कूल से बच्चों को घर ले जा रहा निजी वाहन भिताई व मासौ के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक बुजुर्ग व एक मासूम को हेली एंबुलेंस की मदद से एम्स भेजा गया था। जहां उपचार के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया था। वहीं, मंगलवार सुबह गंभीर रूप से घायल 8 साल के अनमोल ने एम्स में अंतिम सांस ली। एसडीएम पौड़ी दीपकरामचंद्र सेट ने बताया कि गंभीर रूप से घायल अनमोल की उपचार के दौरान एम्स ऋषिकेश में मौत हो गई। वहीं, अनमोल की मौत की खबर से बीआरएमएस स्कूल में शोक की लहर छा गई। प्रधानाचार्य डीपी ममगाईं ने बताया कि अनमोल के पिता सुनील कुमार से उन्हें बच्चे के निधन की सूचना मिली। जिस पर स्कूल परिवार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा कर परिवार को इस क्षति से उबरने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रधानाचार्य ने बताया कि भिताई मल्ली निवासी अनमोल कक्षा दो में अध्ययनरत था। जबकि हादसे में घायलों को तीन दिन बाद जिला अस्पताल से छुट्टी मिल गई है।

## बाबा केदार की डोली का फाटा में जोरदार स्वागत

रुद्रप्रयाग। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली पैदल यात्रा के दूसरे पड़ाव में देर सांय फाटा पहुंच गई है। इस मौके पर भक्तों के उत्साह एवं 6 ग्रेनेडियर रेजीमेंट की बैंड की बुनों के बीच बम बम भोले और जय बाबा केदार के जयघोषों से सम्पूर्ण माहौल भक्तिमय हो गया। जगह जगह पर डोली का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया जबकि फाटा में बड़ी संख्या में लोग डोली के स्वागत के लिए मौजूद थे। बीते सोमवार को पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से केदारनाथ के लिए रवाना हुई बाबा केदार की डोली पहले पड़ाव में गुप्तकाशी में ठहरी थी। जबकि मंगलवार सुबह पूजा अर्चना के बाद डोली ने फाटा के लिए प्रस्थान किया। फाटा में पंचकेदार सेवा सांस्कृतिक मंच ने भजन-कीर्तन का आयोजन किया जिसमें केदारघाटी के विभिन्न गांवों की 16 कीर्तन मंडलियों ने प्रतिभाग किया। पंचकेदार सेवा सांस्कृतिक मंच की ओर से रात्रि को भजन कीर्तन संध्या एवं श्रीकेदारधाम होटल एसोसिएशन केदारघाटी द्वारा भंडारा लगाया गया। बता



दें कि बुधवार 30 अप्रैल को बाबा केदार की डोली गौरीकुंड पहुंचेगी। जबकि यहां पूजा अर्चना के बाद डोली 1 मई को केदारनाथ धाम पहुंचेगी। जहां 2 मई को पूजा अर्चना और विधि-विधान के साथ 2 मई सुबह 7 बजे केदारनाथ धाम के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। इस मौके पर मुख्य पुजारी बागेश लिंग, डोली प्रभारी प्रदीप सेमवाल, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, विष्णुकांत कुर्माचली, रमेश चन्द्र जमलोकी सहित पंचगाई समिति के लोगों के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय भक्त मौजूद थे।

## 21वीं सदी की जरूरतों के अनुसार आधुनिक बनाई जा रही देश की शिक्षा प्रणाली : मोदी

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में आयोजित युग्म कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए ये जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उनको भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि आज यहां सरकार, एकेडमी, साइंस और रिसर्च से जुड़े भिन्न-भिन्न क्षेत्र के लोग इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। इस एकजुटता को ही युग्म कहते हैं। एक ऐसा युग्म जिसमें विकसित भारत के फ्यूचर टेक से जुड़े स्टेकहोल्डर्स एक साथ जुड़े हैं, एक साथ जुटे हैं। मुझे विश्वास है, हम जो भारत की इनोवेशन कैपेसिटी और डीप टेक में भारत की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, उसे इस आयोजन से बल मिलेगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसके युवाओं



पर निर्भर करता है, इसलिए उन्हें भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करना बहुत जरूरी है। इसमें शिक्षा की अहम भूमिका है। इसलिए हम 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बना रहे हैं। नई शिक्षा नीति इस बदलाव को आगे बढ़ा रही है। देश में नई नई शिक्षा नीति लाई गई है। इसे शिक्षा के वैश्विक मानक को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नई शिक्षा नीति आने के बाद हम भारतीय एजुकेशन सिस्टम में बड़ा बदलाव भी देख रहे हैं। कक्षा 1 से 7 तक के लिए नई पाठ्यपुस्तकें तैयार हो चुकी हैं। पीएम ई-विद्या और दीक्षा प्लेटफॉर्म जैसी पहल पूरे देश में एकीकृत शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर रही हैं। इस परिवर्तन का समर्थन करने के लिए एआई द्वारा संचालित एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा बनाया जा रहा है।

### आज होगी तुंगनाथ की डोली रवाना

रुद्रप्रयाग। पंचकेदारों में तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ की डोली आज बुधवार 30 अप्रैल को मक्कूमठ से तुंगनाथ मंदिर को रवाना होगी। आगामी 2 मई को भगवान तुंगनाथ मंदिर के कपाट वैदिक मंत्रोंचार के साथ भक्तों के दर्शनाथ खोल दिए जाएंगे। बदरी-केदार मंदिर समिति एवं हक हकूकधारियों ने सभी तैयारियां पूरी कर दी है। तृतीय केदार तुंगनाथ की चल विग्रह डोली के साथ पहले दिन भगवान की भोगमूर्तियों को सभामंडप में लाया जाएगा। डोली पहले दिन भूतनाथ मंदिर में प्रवास करेगी। 1 मई को तुंगनाथ भगवान की चल विग्रह डोली भूतनाथ मंदिर से चोपता प्रवास के लिए पहुंचेगी। जबकि 2 मई सुबह भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह डोली चोपता से तुंगनाथ पहुंचेगी जहां इसी दिन मिथुन लग्न सुबह 10.15 बजे तुंगनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए दर्शनार्थ खोले जाएंगे। मंदिर समिति के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी युद्धवीर पुष्पवाण ने बताया कि तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट आगामी 2 मई वैदिक मंत्रों के साथ खोल दिए जाएंगे। आज डोली मक्कूमठ से रवाना होगी। मंदिर के कपाट खोलने को लेकर मंदिर समिति एवं स्थानीय लोगों ने तैयारियां पूरी कर ली है।

## मां गंगा की उत्सव डोली रवाना, 30 अप्रैल को खुलेंगे गंगोत्री धाम के कपाट

उत्तरकाशी : मां गंगा की उत्सव डोली शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव से गंगोत्री धाम के लिए मंगलवार को मां गंगा की पूजा-अर्चना के बाद रवाना हो गई है। भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर में रात्रि विश्राम करने के बाद डोली बुधवार सुबह गंगोत्री धाम पहुंचेगी। गंगा पूजन, वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सुबह 10:30 मिनट पर गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। आपको बता दें कि अक्षय तृतीय पर 30 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। छह माह तक अपने शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव में निवास करने के बाद मंगलवार को मां गंगा की उत्सव डोली अपने शीतकालीन प्रवास स्थल गंगोत्री धाम के लिए रवाना हो गई। डोली को पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ सवा मन (50 किलो) का कलेऊ, स्थानीय पकवान देकर दोपहर 11:57 पर मुखबा के ग्रामीणों ने मां गंगा को विदाई दी। वहीं बुधवार को अक्षय तृतीया के पर्व पर शुभ मुहूर्त में वैदिक



मंत्रोचारण के साथ 10:30 पर विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट देश विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। मंगलवार को मां गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव में सुबह से ही मां गंगा की विदाई की तैयारियां शुरू हो गई थीं। सुबह विशेष पूजा अर्चना और आरती के बाद गंगा की उत्सव डोली को सजाया गया। इसके बाद तय मुहूर्त के अनुसार 11:57 पर मां गंगा की उत्सव डोली आर्मी बैंड की धुन पर मुखबा से गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई। गंगा की डोली यात्रा में मुखबा के साथ ही धराली, हर्षिल समेत उपला टकनौर के ग्रामीणों तथा कई तीर्थयात्रि शामिल हुए। मार्कण्डेय पुरी स्थित दुर्गा मंदिर में पहुंचने के बाद मां गंगा के साथ भक्तों ने अल्प विश्राम किया।

## पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में बड़ा फैसला, 48 पर्यटक स्थलों को किया गया बंद

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रदेश भर में सुरक्षा एजेंसियों का बड़ा एक्शन जारी है। आतंकवादियों के खिलाफ चल रहे व्यापक तलाशी अभियानों के बीच जम्मू-कश्मीर सरकार ने घाटी के 48 पर्यटक स्थलों को अस्थायी रूप से बंद करने का बड़ा फैसला लिया है। सरकारी आदेश के मुताबिक, इन स्थलों को सुरक्षा समीक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों के चलते बंद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि घाटी के 87 पर्यटन स्थलों में से 48 पर फिलहाल पर्यटकों की आवाजाही पर रोक रहेगी। यह कदम संवेदनशील इलाकों में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

**जिन प्रमुख पर्यटक स्थलों को बंद किया गया है, उनमें शामिल हैं:**

बांदीपोराः गुरेज घाटी
बडगामः यूसमार्ग, तौसीमैदान, दूधपथरी
कुलगामः अहरबल, कौसरनाग
कुपवाड़ाः बंगस, करिवान गोताखोर, चंडीगाम
हंदवाड़ाः बंगस घाटी



सोपोरः वुलर/वाटलैब, रामपोरा और राजपोरा, चेरहार, मुंडिज-हमाम-मरकूट झरना, खंपू, बोस्निया, विजीटॉप

अनंतनागः सूर्य मंदिर खीरीबल, वेरीनाग गार्डन, सिंथन टॉप, मार्गनटॉप, अकाड पार्क

बारामूलाः हब्बा खातून प्वाइंट, बाबरेशी तंगमार्ग, रिंगावली तंगमार्ग, गोगलदारा तंगमार्ग, बदेरकोट तंगमार्ग, श्रुंज झरना, कमानपोस्ट उरी, नामब्लान झरना, इको पार्क खडनियार

**पुलवामाः संगरवानी**

श्रीनगरः जामिया मस्जिद, बादामवारी, राजोरी कदल होटल कनाज़, आली कदल जे जे फूड रेस्तरां, आइवरी होटल गंदताल, पदशापाल रिसॉर्ट्स, चेरी ट्री रिज़ॉर्ट, नॉर्थ क्लिफ कैफे, वन पहाड़ी कुटिया, इको विलेज रिज़ॉर्ट, अस्तानमार्ग पैराग्लाइडिंग स्पॉट, ममनेथ और महादेव पहाड़ियाँ, बौद्ध मठ हरवान, दाचीगाम ट्राउट फार्म से परे क्षेत्र, अस्तानपोरा (कयाम गाह रिसॉर्ट)

**गांदरबलः** लछपत्री लेटरल, हंग पार्क, नारानाग

सरकार ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा हालात सामान्य होने पर इन स्थलों को फिर से खोला जाएगा। वहीं, अन्य पर्यटन स्थलों पर फिलहाल पर्यटकों को घूमने की अनुमति बनी रहेगी।सुरक्षा बलों का आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन भी तेज जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के सफाए के लिए सेना, पुलिस और अन्य एजेंसियां संयुक्त अभियान चला रही हैं। कई आतंकियों को ढेर किया जा चुका है और लगातार तलाशी अभियान जारी हैं। सरकार और सुरक्षाबलों का मुख्य लक्ष्य क्षेत्र में शांति बहाल करना और नागरिकों तथा पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### पहलगाम अटैक पर बड़ा खुलासा, पाकिस्तानी सेना से जुड़े हैं तार

नई दिल्ली ,जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। जांच में पता चला है कि हमले में शामिल एक पाकिस्तानी आतंकवादी का संबंध पाकिस्तानी सेना से रहा है। पहलगाम नरसंहार में शामिल इस आतंकी की पहचान हाशिम मूसा के रूप में हुई है, जो पाकिस्तान के स्पेशल सर्विस ग्रुप (स्स्त्र) का पूर्व पैरा कमांडो था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाशिम मूसा को पाकिस्तानी सेना द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया था और उसे अब आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने के लिए जम्मू-कश्मीर भेजा गया। सूत्रों का कहना है कि मूसा का मिशन स्थानीय और विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ सुरक्षा बलों पर हमले कर दहशत फैलाना था। हालांकि, भारतीय सेना या सरकार की ओर से इस बारे में आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई है। जांचकर्ताओं का मानना है कि पाकिस्तान की स्पेशल फोर्सेज और आतंकी संगठनों के बीच गठजोड़ के चलते इस हमले को अंजाम दिया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। पहले सामने आए तीन संदिग्ध आतंकवादियों के स्केच में से एक हाशिम मूसा का बताया जा रहा है।

## गुजरात में मिनी बांग्लादेश पर बुलडोजर स्ट्राइक

- 800 से ज्यादा लोगों को किया गया गिरफ्तार

नई दिल्ली , गुजरात पुलिस ने सूरत और अहमदाबाद से 1000 से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, अब पुलिस ने चंदोला झील के पास बनी बांग्लादेशी बस्ती पर धावा बोल दिया है। एएमसी ने इस अभियान के तहत चंदोला झील के पास अवैध बस्तियों को ध्वस्त कर दिया। इस अभियान को लेकर संयुक्त पुलिस आयुक्त (ऋाइम) शरद सिंघल ने बताया कि डोला झील इलाके में अधिकांश बांग्लादेशी रहते हैं। पुलिस ने बुलडोजर एक्शन लेते हुए 800 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अहमदाबाद पुलिस ने हाल ही में चंदोला इलाके में गैर कानूनी तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान की थी। अवैध रूप से रह रहे उन्हीं बांग्लादेशी बस्तियों में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की है। इस



कार्रवाई के तहत एएमसी के अफसरों चंदोला लेक इलाके के बस्तियों को ध्वस्त कर दिया। दरअसल, गुजरात सरकार के गृह मंत्रालय ने उन बांग्लादेशियों की झोपड़ियों को गिराने के आदेश दिए हैं, जिनकी पहचान अवैध निवास के रूप में हुई है। एएमसी ने पहले चरण में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के घरों पर हथौड़ा चलाने का फैसला लिया है। चंदोला झील क्षेत्र में बुलडोजर चलाने से पहले पुलिस ने इस पूरे इलाके की बिजली काट दी।

## सुप्रीम कोर्ट का वक्फ अधिनियम से जुड़ी नई याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार

नई दिल्ली ,सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ अधिनियम को चुनौती देने वाली एक दर्जन से अधिक जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करने से मंगलवार को साफ इनकार कर दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि इस मामले में पहले ही पांच याचिकाओं पर सुनवाई का आदेश दिया जा चुका है और अब कोई नई याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि ज्यादातर याचिकाएं एक-दूसरे से मिलती-जुलती हैं और कुछ तो पूरी तरह कॉपी की गई हैं। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं को सलाह दी कि अगर उनके पास कोई नया या अतिरिक्त आधार है, तो वे इस मामले में अलग से इंटरवेंशन एप्लिकेशन दाखिल कर सकते हैं। सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना ने स्पष्ट कहा, हम इस मामले में अब और याचिकाएं नहीं सुनना




चाहते। इसके साथ ही कोर्ट ने नई याचिकाओं को खारिज कर दिया। इन याचिकाओं में कई प्रमुख संगठनों और व्यक्तियों के नाम शामिल थे। इनमें कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओब्रायन, जम्मू-कश्मीर की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), मुस्लिम एडवोकेट्स एसोसिएशन और ऑल रिलीजियस इफिनिटी मूवमेंट जैसी संस्थाएं शामिल थीं।

### स्पाईवेयर के इस्तेमाल में गलत क्या है? पेगासस मामले पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

नई दिल्ली , पेगासस स्पाईवेयर मामले में सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को शीर्ष न्यायालय ने कहा कि अगर देश में स्पाईवेयर का इस्तेमाल हो रहा है, तो इसमें गलत क्या है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पेगासस के जरिए जासूसी की जांच कर रही कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है। बार एंड बेंच के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर कोई देश स्पाईवेयर का इस्तेमाल कर रहा है, तो इसमें गलत क्या है? एक बात साफ कर दें कि स्पाईवेयर रखने में कोई परेशानी नहीं हैज्। इसका इस्तेमाल कुछ ऐसे लोगोंज् जैसेज् पर किया जा सकता है। राष्ट्र की सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकते। हालांकि, पीठ ने यह भी जोड़ा, हां सवाल यह हो सकता है कि इसका इस्तेमाल किसके खिलाफ किया जा रहा है। अगर इसका इस्तेमाल सिविल सोसाइटी के व्यक्ति के खिलाफ किया जा रहा है, तो मामले पर विचार किया जाएगा।

## बदरीनाथ धाम के अंदर फोटो खींचने और वीडियो कॉलिंग करने पर सख्त पाबंदी, लगेगा जुर्माना

चमोली : उत्तराखंड चारधाम यात्रा का शुभारंभ गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट 30 अप्रैल को खुलने के साथ ही हो जाएगा। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से बदरीनाथ धाम में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। बदरीनाथ धाम के अंदर फोटो खींचने और वीडियो कॉलिंग करने पर सख्त पाबंदी लगाई गई है। नियमों का उल्लंघन करने पर 5000 रुपये का जुर्माना भी वसूला जाएगा।

आपको बता दें कि बदरीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खुल रहे हैं, जबकि केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को दर्शनार्थ खोले जाएंगे। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय थपलियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर परिसर के अंदर वीडियो कॉलिंग और फोटो लेने पर प्रतिबंध लगाया गया है। उनका कहना है कि फोटो या फिर वीडियोग्राफी और वीडियो कॉलिंग पर



मंदिर परिसर पर अनावश्यक भीड़ होती है, जिससे तीर्थ यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया कि नियमों का उल्लंघन करने पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया जाएगा। उधर, धामी सरकार की ओर से यात्रा को सुगम बनाने के कई ठोस कदम उठाए गए हैं। चमोली जिले के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि उत्तराखंड चारधाम में दर्शन से पहले ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। कहना था कि यात्रा से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बताया कि तीर्थ यात्रियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। सड़कों पर गाड़ी खड़ी करने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। पर्यटन अधिकारी बृजेन्द्र पांडे ने बताया कि चमोली जिले में गौचर और पाण्डुकेश्वर में यात्रा रजिस्ट्रेशन की चेकिंग की जाएगी। इसी के साथ ही धाम में आईएसबीटी, बीआरओ चौक व माणा पास में यात्रियों के रजिस्ट्रेशन चेक कर तीर्थ यात्रियों को टोकन दिया जाएगा। बताया कि टोकन में मन्दिर में दर्शन की टाइमिंग भी होगी, जिससे भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। (एजेंसी)

# सम्पादकीय

## टूरिज्म डेस्टिनेशन पर बट्टा

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के साथ साथ स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश होने के बाद विभिन्न पर्यटक स्थलों में भी तेजी देखने को मिलेगी। इधर यात्रा से पूर्व ही उत्तराखंड के कुछ स्थानों से पर्यटकों के साथ वाहनों की चेकिंग के नाम पर अभद्रता करने के वीडियो पर्यटन पर बट्टा लगाते हुए नजर आ रहे हैं। होलिया वीडियो नैनीताल से वायरल हो रहा है जिसमें दिल्ली से आई दो युवतियों के साथ एक दरोगा हेलमेट पहनने को लेकर बहस कर रहा है जबकि युवती का दावा है कि वह हेलमेट पहने हुए थी और जानबूझकर उन्हें परेशान किया गया। यही नहीं वीडियो में बातचीत के दौरान दरोगा को लड़की के मोबाइल पर हाथ मारते हुए भी देखा गया है जो की पूरी तरह से गलत है। इस मामले में आला अधिकारियों द्वारा जांच के आदेश दिए गए हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि यदि इसी प्रकार का रवैया उत्तराखंड पुलिस पर्यटक स्थलों पर दिखाती रहेगी तो राज्य की छवि क्या बनेगी? उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड को पर्यटन के क्षेत्र में एक डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में पुरजोर कोशिश कर रहे हैं और इसके लिए पर्यटन स्थलों को विकसित करने की नीति भी बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में एक वर्चुअल बैठक के दौरान पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर सभी जिला अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश जारी किए हैं लेकिन उसके बावजूद भी यदि इस प्रकार की घटनाएं पर्यटकों के शोषण के रूप में सामने आ रही है तो यह निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों की अवहेलना है। उत्तराखंड के लिए पर्यटन आय का एक प्रमुख स्रोत है और केवल इसमें चार धाम यात्रा ही शामिल नहीं है बल्कि राज्य के तमाम रमणीक, ऐतिहासिक, धार्मिक तथा दूसरे पर्यटन स्थलों को भी देश–विदेश से लोग देखने आते हैं। महज दावे और दिशा निर्देश देने से पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा निहित नहीं होती, बल्कि इसके लिए इस नीति का अनुसरण करने वाले भी कर्तव्यनिष्ठ तथा जिम्मेदार होने बेहद जरूरी है। महज हेलमेट के लिए दूसरे प्रदेशों से पर्यटकों के साथ अभद्रता करना एक बेहद संगीत मामला है और इस पर निष्पक्षता से जांच करते हुए अधिकारियों को कार्रवाई करनी चाहिए। अभी तो चार धाम यात्रा प्रारंभ ही हुई है और ग्रीष्म अवकाश के बाद तो पर्यटकों व श्रद्धालुओं का सैलाब उत्तराखंड में उमड़ेगा। यदि इसी रवैया और पूर्वाग्रह को लेकर उत्तराखंड पुलिस सड़क पर काम करेगी तो निश्चित मानिए की उत्तराखंड में मुख्यमंत्री के टूरिज्म डेस्टिनेशन के प्रयासों को चोट पहुंचने वाली है। पर्यटकों से पर्यटन गुलजार होता है और यदि पर्यटकों के साथ ही इस प्रकार की अभद्रता पुलिसकर्मियों द्वारा की जाएगी तो इसे किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता। कर्तव्य निष्ठा एवं जिम्मेदारियां की यही भूमिका चार धाम मार्ग पर भी पुलिस कर्मियों को दिखानी होगी और अनावश्यक चालान ठोकने की अपेक्षा यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा पर ध्यान देना होगा। जबरन चालान करने के अतिरिक्त यातायात को सुव्यवस्थित तरीके से चलाना, मार्ग के अतिक्रमणों को मुक्त करना तथा दुर्घटना के समय तत्काल मौके पर पहुंचने को लेकर ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। पुलिस कर्मियों द्वारा पर्यटकों के खिलाफ किसी भी प्रकार का पूर्वाग्रह उचित नहीं माना जा सकता और यदि यह कार्य केवल राजकोष भरने के लिए किया जा रहा है तो फिर यह पूर्ण रूप से अनैतिक ही है। राज्य पुलिस के आल अधिकारियों को इस विषय पर गंभीरता से मंथन चाहिए। उत्तराखंड पुलिस ने हर बड़े धार्मिक आयोजनों में अपनी कार्य क्षमता और कुशलता का परिचय दिया है, लेकिन कुछ चंद घटनाएं पुलिस की अथक मेहनत पर दाग भी छोड़ जाती है।

# रेसिप्रोकल टैरिफ नीति से वैश्विक अर्थव्यवस्था हिला

**विनीत नारायण**

वैश्विक व्यापार में संरक्षणवाद का दौर एक बार फिर से उभर रहा है। अप्रैल, 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित पारस्परिक टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) नीति ने वैंकि अर्थव्यवस्था को हिला दिया है।

यह नीति अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू की गई है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम भारत और विश्व की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहे हैं।

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. अरुण कुमार इस नीति के प्रभावों का विश्लेषण करते हुए बताते हैं कि अमेरिका ने अपनी टैरिफ नीति को पारस्परिक करार देते हुए कहा है कि यह अन्य देशों द्वारा अमेरिकी वस्तुओं पर लगाए गए टैरिफ और गैर–टैरिफ बाधाओं (जैसे मुद्रा हेरफेर और नियामक अंतर) के जवाब में उठाया गया कड़ा कदम है।

ट्रंप प्रशासन का दावा है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर 52ः का प्रभावी टैरिफ लगाता है, जिसके जवाब में भारत से आयात पर 27ः का टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, इस गणना की सटीकता पर सवाल उठाए गए हैं।

समिट की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने व्यापार घाटे और आयात मूल्य के आधार पर टैरिफ दरें तय कीं जो विश्व व्यापार संगठन के डेटा से मेल नहीं खातीं। भारत का अमेरिकी वस्तुओं पर औसत टैरिफ दर 2023 में केवल 9.6ः था, जो अमेरिकी दावों से काफी कम है। इस नीति में दो स्तर के टैरिफ शामिल हैंः 5 अप्रैल से सभी देशों पर 10ः का आधारभूत टैरिफ और 9 अप्रैल से देश–विशिष्ट टैरिफ। कुछ वस्तुओं जैसे फार्मास्यूटिकल्स और ऊर्जा उत्पादों को टैरिफ से छूट दी गई है, जिससे भारत के कुछ क्षेत्रों को राहत मिली है।

भारत, जो अमेरिका का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है, 2024 में 80.7 बिलियन डलर का माल अमेरिका को निर्यात करता था। 27ः टैरिफ से भारत के कई क्षेत्र प्रभावित होंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ भी मिल सकता है। प्रो. अरुण कुमार के अनुसार, इस नीति का प्रभाव अल्पकालिक और दीर्घकालिक, दोनों रूपों में देखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत के 14 बिलियन डलर के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात और 9 बिलियन डलर के र प्रतिशत–आभूषण निर्यात पर टैरिफ का भारी असर पड़ेगा। ये क्षेत्र अमेरिकी बाजार पर निर्भर हैं और लागत में वृद्धि से उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है।

इसके साथ ही मछली, झींगा और प्रसंस्कृत समुद्री खाद्य उद्योग, जो 2.58 बिलियन डलर का है, पर 27.83ः का टैरिफ अंतर भारत की प्रतिस्पर्धा को कम करेगा खासकर जब पहले से ही अमेरिका में एंटी–डंड्क्षपग शुल्क लागू हैं। भारतीय वस्त्र उद्योग को मिश्रित प्रभाव का सामना करना पड़ेगा। हालांकि भारत पर टैरिफ वियतनाम (46ः) और बांग्लादेश (37ः) की तुलना में कम है, फिर भी बाजार और मुनाफे में कमी का जोखिम बना रहेगा। वहीं भारत के 9 बिलियन डलर के फार्मास्यूटिकल निर्यात को टैरिफ से छूट दी गई है, जिससे इस क्षेत्र को राहत मिली है। भारतीय फार्मा कंपनियों के शेयरों में 5ः की वृद्धि देखी गई। हालांकि सॉफ्टवेयर सेवाएं प्रत्यक्ष रूप से टैरिफ से प्रभावित नहीं हैं, लेकिन वीजा प्रतिबंध और व्यापार तनाव भारतीय आईटी कंपनियों जैसे टीसीएस और इन्फोसिस के लिए चुनौतियां पैदा कर सकते हैं।

प्रो. कुमार का मानना है कि भारत को कुछ क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है, क्योंकि चीन और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों पर अधिक टैरिफ लगाए गए हैं। उदाहरण के लिए परिधान और जूते जैसे क्षेत्रों में भारत अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है। टैरिफ के कारण भारत के निर्यात में 30–33 बिलियन डलर की कमी आ सकती है। अर्थशास्त्रियों ने भारत की 2025–26 की विकास दर को 20–40 आधार पर कम करके 6.1ः कर दिया है। हालांकि, भारत सरकार का दावा है कि तेल की कीमतें 70 डलर प्रति बैरल से नीचे रहती हैं, तो 6.3–6.8ः की विकास दर हासिल की जा सकती है।

अमेरिकी टैरिफ नीति का वैंकि अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। प्रो. कुमार के अनुसार, यह नीति वैश्विक व्यापार प्रणाली में 1930 के स्मूट–हले टैरिफ एक्ट के समान व्यवधान पैदा कर सकती है। टैरिफ से वैंकि व्यापार की गति धीमी होगी, जिससे आर्थिक विकास प्रभावित होगा।

जेपी मार्गन ने चेतावनी दी है कि यदि यही टैरिफ नीति लागू रहती है, तो अमेरिका और वैंकि अर्थव्यवस्था मंदी में आ सकती है। इससे आयातित वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी, जिससे अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ सकती है। बोस्टन फेडरल रिजर्व बैंक का अनुमान है कि टैरिफ से कोर पीसीई मुद्रास्फीति में 0.5–2.2ः की वृद्धि हो सकती है। वैंकि शेयर बाजारों में गिरावट और मुद्रा अस्थिरता पहले ही देखी जा चुकी है। चीन, यूरोपीय संघ और अन्य देशों ने अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी टैरिफ की घोषणा की है, जिससे वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंका बढ़ गई है। इससे आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित होंगी और व्यवसायों को लागत बढ़ने का सामना करना पड़ेगा। कम प्रति व्यक्ति आय वाले देश जैसे कंबोडिया (50ः टैरिफ) सबसे अधिक प्रभावित होंगे। इससे अमेरिका की विकासशील देशों में साख को नुकसान हो सकता है।

प्रो. कुमार का सुझाव है कि भारत को इस संकट को अवसर में बदलने के लिए रणनीतिक कदम उठाने चाहिए। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर तेजी से काम करना चाहिए।

23 बिलियन डॉलर के अमेरिकी आयात पर टैरिफ कम करना एक शुरुआत हो सकती है। यूरोपीय संघ, आसियान और मध्य–पूर्व जैसे वैकल्पिक बाजारों पर ध्यान देना चाहिए। भारत–ईयू मुक्त व्यापार समझौते को तेज करना महत्त्वपूर्ण होगा। घरेलू उत्पादन और खपत को बढ़ावा देना चाहिए। छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए सब्सिडी, कर राहत और निर्यात प्रोत्साहन जैसी योजनाओं को लागू करना चाहिए।

अमेरिकी टैरिफ नीति ने वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता का माहौल पैदा किया है। भारत के लिए यह चुनौती होने के साथ–साथ अवसर भी है। भारत रणनीतिक रूप से कार्य करे, तो न केवल इन टैरिफों के नकारात्मक प्रभावों को कम कर सकता है, बल्कि वैंकि आपूर्ति श्रृंखला में अपनी स्थिति को भी मजबूत कर सकता है। दीर्घकालिक दृष्टिकोण और सुधारों के साथ, भारत इस संकट को एक नये आर्थिक युग की शुरुआत में बदल सकता है।

## सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला

भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया। चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पर पंजाब नैशनल बैंक से तकरीबन साढ़े तेरह हजार करोड़ रुपयों के गबन का आरोप है। मोदी अभी लंदन की जेल में है और भारत प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ कानूनी जंग लड़ रहा है। इस घोटाले में उसकी पत्नी एमी और भाई निशाल भी मुख्य अभियुक्त हैं। चोकसी मुंबई की अदालत में हलफनामा दे कर भारत आने में अक्षमता जाहिर कर चुका है। वह कैंसर का मरीज है, जिसका इलाज बेल्जियम में चल रहा है। भारतीय एजेंसियां प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई के साथ मिल कर प्रत्यर्पण का प्रयास कर रही हैं। बैंक ने 2018 में पहली बार मोदी, चोकसी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ 280 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। जांच के बाद यह देश का सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला निकला। इसमें बैंक अधिकारियों की मिलीभगत भी पाई गई। हालांकि मोदीकाल में होने वाले बैंक घोटालों में यह अकेला नहीं है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार 2012–16 के दरम्यान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बाइस हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाया जा चुका है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 429, आईसीआईसीआई के करीब 455, स्टैंर्डड बैंक के 244 और एचडीएफसी बैंक के 237 के करीब धोखाधड़ी के मामले पकड़े जाने की पुष्टि हुई है। मोदी के इस घोटाले के बाद पीएनबी ने अपने बीस कर्मचारियों को निलंबित भी किया था। बैंकों के इस गोरखधंधे में बैंककर्मियों की मिली–भगत पकड़ी गई है। इसी दरम्यान देश से भाग चुके आर्थिक अपराधी विजय मल्या पर भी बैंकों को साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये का चूना लगाने के खिलाफ चार्जशीट फाइल की गई थी। कहने में दोष नहीं है कि प्रत्यर्पण संधि के बावजूद कानूनी प्रक्रिया बेहद जटिल होती है, और आरोपियों को स्वदेश लाने में सालों लग जाते हैं। चोकसी का मामला भी अभी फेडरल पब्लिक जस्टिस और फॉरेन अफेयर्स की निगरानी में होगा। सरकार किस हद तक दोषी को वापस लाने की कवायद करती है, यह तो वक्त ही बताएगा। धोखाधड़ी के इस धन की वसूली और सजा देने में लगने वाले समय की चर्चा अभी बेमानी है क्योंकि सार्वजनिक बैंकों में इतने बड़े आर्थिक घोटालों में सरकार की भूमिका भी संदिग्ध ही पाई जाती रही है।

## हिन्दी भाषा को मंजूरी नहीं

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे का कहना है कि उनका दल महाराष्ट्र में हिन्दी भाषा को अनिवार्य बनाने के कदम को मंजूरी नहीं देगा। राज्य सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप पहली कक्षा से पांचवीं तक छात्रा के लिए हिन्दी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने के फैसले के मद्देनजर उनकी यह टिप्पणी आई है। उद्धव ने शिव सेना की श्रमिक शाखा के कार्यक्रम में कहा कि उनके दल को हिन्दी से परहेज नहीं है पर इसे छात्रों पर नहीं थोपा जा सकता। पिछले दिनों हिन्दीभाषी बैंककर्मी के साथ हाथापाई की घटना के अतिरिक्त मुंबई में लगातार शिवसैनिकों द्वारा भाषाई विरोध हो रहा है। इससे पहले भी उत्तर भारत से बाहर के राज्यों द्वारा हिन्दी थोपे जाने के खिलाफ विपक्ष मुखर होता रहता है। भाषा को लेकर झगड़ा नया नहीं है परंतु इसका मकसद राजनीतिक प्रतीत होता है। देश के आधे से अधिक नागरिक हिन्दी को बोलचाल की भाषा की तरह प्रयोग करते हैं। यह देश की सबसे ज्यादा बोली भाषा भी है। केवल 26 प्रतिशत लोगों की मातृ भाषा होने के बावजूद हिन्दी का इस्तेमाल करने वालों की संख्या 69 करोड़ बताई जाती है, जो कुल जनसंख्या का 57 प्रतिशत है।

हालांकि अपने यहां हिन्दी में 56 मातृ भाषाएं संबद्ध हैं। देश भर को एक सूत्र में लपेटने वाला सिनेमा, टीवी धारावाहिक, विज्ञापन और गाने सब हिन्दी में ही मुंबई शहर में बनाए जाते हैं जिनके भरोसे रोजी–रोटी कमाने वालों में हर भाषा, वर्ग और राज्यनिवासियों का सहयोग होता है।

# पोषण 2.0 दिशा—निर्देशों के दायरे में शुरू

**डॉ. अनन्या अवस्थी**

भारत में 7वां पोषण पखवाड़ा अप्रैल में मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य पोषण ट्रैकर के नए शुरू किए गए लाभार्थी मॉड्यूल के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह महत्त्वपूर्ण उपलब्धि सामुदायिक सशक्तिकरण के एक नये चरण की शुरु आत करता है, जिससे नागरिकों के हाथों में सीधे कार्ययोग्य पोषण डेटा उपलब्ध होता है।

राष्ट्रीय पोषण नीति ढांचे उर्फ पोषण 2.0 दिशा–निर्देशों के दायरे में शुरू की गई यह नई सुविधा लंबे समय से चली आ रही चुनौती का समाधान करती हैः आंगनवाड़ी कायरे में समुदाय का कमजोर स्वामित्व, जिसने अक्सर देश भर में पोषण हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता को सीमित कर दिया है। पोषण ट्रैकर मोबाइल–आधारित एप्लिकेशन है जिसका उपयोग पहले से ही हर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण और बच्चों की देखभाल सेवाओं के वितरण पर वास्तविक समय डेटा प्रदान करने के लिए किया जाता है, अब इसकी पहुंच उन लोगों तक हो गई है, जिन्हें यह सेवा प्रदान करना चाहता है।

यह विशेष मॉड्यूल आपको अपने स्थान के सबसे नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र का पता लगाने में सक्षम बनाता है और गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं, 6 वर्ष तक के बच्चों और किशोरियों के लिए स्व–पंजीकरण की सुविधा प्रदान करता है। महिला लाभार्थी गर्भावस्था के तिमाही, एनीमिया की स्थिति, गर्भावस्था के दौरान वजन बढ़ने को रिकॉर्ड करने और टेक–होम राशन (टीएचआर) और गर्म पके हुए भोजन (एचसीएम) की प्राप्ति पर नजर रखने सहित अपने सेवा इतिहास की निगरानी करने के लिए इस मॉड्यूल का उपयोग कर सकती हैं।

माता–पिता और देखभाल करने वाले भी अपने बच्चे की लंबाई और वजन की सक्रिय रूप से निगरानी करने, यह जांचने के लिए कि क्या वे विकास संबंधी क्षमताओं को प्राप्त कर रहे हैं, और टीएचआर और एचसीएम के लिए पात्रता सत्यापित करने के लिए ऐप का उपयोग कर सकते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषताओं में से एक यह है कि यह लाभार्थियों को आंगनवाड़ी सेवाओं की अपर्याप्त प्राप्ति से संबंधित शिकायतों के निवारण की मांग करने का अधिकार देता है। उदाहरण के लिए, स्तनपान कराने वाली मां, उसका पति या परिवार का कोई भी सदस्य अब टीएचआर न मिलने या स्थानीय आंगनवाड़ी केंद्र की समस्याओं, जैसे अनियमित रूप से खुलने या बुनियादी ढांचे की कमी जैसी समस्याओं की रिपोर्ट कर सकता है।पोषण ट्रैकर का लाभार्थी मॉड्यूल अपने लाभार्थियों के साथ सीधा संबंध स्थापित करके पोषण ट्रैकर को इंटरैक्टिव, नागरिक–केंद्रित, डिजिटल सार्वजनिक स्वास्थ्य और पोषण प्रणाली के लिए एक बेंचमार्क में बदलने के लिए कई आशाजनक रास्ते खोलता है। मॉड्यूल के लिए विचार करने के लिए चार आशाजनक भविष्य की दिशाएं हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि भारत में स्मार्टफोन के व्यापक उपयोग का लाभ उठाते हुए, इस मॉड्यूल में निकटतम आंगनवाड़ी केंद्र में मिलने का समय निर्धारित करने या आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर पर दौरा करने की व्यवस्था करने जैसी सुविधाएं शामिल की जा सकती हैं। दूसरा, आगामी समुदाय–आधारित कार्यक्रमों के बारे में लाभार्थियों को संक्षिप्त संदेश या अलर्ट भेज कर, लाभार्थी मॉड्यूल स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं के साथ नागरिकों को जोडने के लिए एक मंच के रूप में काम कर सकता है।

इससे वजन दिवस जैसी सामुदायिक गतिविधियों में लाभार्थी की भागीदारी बढ़ सकती है, जहां गांव के सभी बच्चों का मासिक वजन लिया जाता है, अन्नप्राशन जैसे पोषण कार्यक्रमों का जश्न मनाया जाता है, जो छोटे बच्चों को ठोस खाद्य पदाथरे की शुरु आत का प्रतीक है और ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस के लिए स्थानों और तिथियों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। तीसरा, पोषण ट्रैकर के भीतर एक इन–बिल्ट फीडबैक सिस्टम के निर्माण से लाभार्थियों को प्राप्त आंगनवाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने की सुविधा मिलेगी, जिसमें विकास निगरानी, खाद्य राशन की डिलीवरी, घर का दौरा और गंभीर कुपोषण से पीड़ित बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के लिए रेफरल शामिल हैं। यह वृद्धि पोषण ट्रैकर को ऐसे प्लेटफॉर्म में बदल सकती है जो सेवा वितरण के सामाजिक ऑडिट की अनुमति दे सकता है, जिससे लाभार्थियों की जरूरतों और मांगों का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सके।

अंत में, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण स्थिति और स्वास्थ्य सेवाओं पर डेटा के साथ लाभार्थी इंटरफेस के एकीकरण की संभावना तलाशने से सभी पात्र माताओं और बच्चों को एक मंच पर स्वास्थ्य और पोषण स्थिति पर व्यापक रूप से नजर रखने में मदद मिल सकती है।

# केसरी वीर का नया मोशन पोस्टर हुआ जारी



फिल्म केसरी वीर के निर्माताओं ने फिल्म का नया मोशन पोस्टर जारी किया है। इसमें अभिनेता सूरज पंचोली को दिखाया गया है। पोस्टर पर लिखा है हमीरजी गोहिल के रूप में सूरज पंचोली। सूरज पंचोली ने हाथ में त्रिशूल पकड़ा हुआ है और उनके शरीर पर लोहे की जंजीरें हैं। उनके शरीर में कहीं आग लगी है, तो कहीं से खून बह रहा है। पोस्टर में सूरज पंचोली काफी जोशीले अंदाज में नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि फिल्म केसरी वीर में सूरज पंचोली कई दूसरे कलाकारों के साथ सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं। सूरज पंचोली फिल्म में हमीरजी गोहिल का किरदार निभा रहे हैं। वह 14वीं शताब्दी में सोमनाथ मंदिर को आक्रमणकारियों से बचाने के लिए जंग लड़े थे। फिल्म में सूरज पंचोली के अलावा सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय होंगे। मोशन पोस्टर रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर सूरज पंचोली ने लिखा वीर हमीरजी गोहिल, रक्षक और गुमनाम योद्धा। सोमनाथ का रक्षक। हर–हर महादेव। सूरज पंचोली ने फिल्म की रिलीज की तारीख भी बताई है। उन्होंने लिखा है दुनियाभर के सिनेमाघरों में 16 मई 2025 को रिलीज हो रही है।

# तंजीम का शतक बेकार, स्नेह राणा के पंजे ने साउथ अफ्रीका से छीनी जीत

नई दिल्ली। प्रतिका रावल के अर्धशतक और फिर स्नेह राणा के पांच विकेटों के दम पर भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका में खेली जा रही त्रिकोणिया सीरीज के दूसरे मैच में साउथ अफ्रीका को 15 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते भारत ने 50 ओवरों में छह विकेट खोकर 276 रन बनाए। साउथ अफ्रीकी टीम 49.1 ओवरों में 261 रनों पर ऑल आउट होकर मैच हार गई।

साउथ अफ्रीका के लिए सलामी बल्लेबाज तंजीम ब्रिट्स ने शानदार पारी खेली और शतक जमाया। लेकिन उनका ये शतक बेकर चला गया। 107 गेंदों पर 13 चौके और तीन छक्कों की मदद से खेली गई उनकी 109 रनों की पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी।

**अच्छी शुरुआत के बाद हारी साउथ अफ्रीका**

साउथ अफ्रीका को अच्छी शुरुआत मिली थी। तंजीम के साथ लॉरा वोलपाड्र्टस ने पारी की शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 140 रन जोड़े। लॉरा 43





रन बनाकर आउट हो गईं। उन्हें दीप्ति शर्मा ने आउट किया। इसके बाद राणा ने अपना जलवा दिखाना शुरू कर दिया। उन्होंने लारा गुडऑल को पवेलियन की रहा दिखाई। इस बीच तंजीम 170 के कुल स्कोर पर रिटायर हर्ट हो गईं। वह बाद में बैटिंग करने आईं लेकिन राणा ने उनकी पारी का अंत कर दिया। सुने लुस 28, चोले ट्रायन 18, एनेरी डर्कन 30 रन ही बना सर्की। इसके बाद तो विकेटों की झड़ी लग गई और साउथ अफ्रीकी टीम चार गेंद पहले ही ढेर हो गई। भारत के लिए राणा ने पांच विकेट लिए। अरुंधति रेड्डी, श्री चरानी और दीप्ती को एक–एक विकेट मिला।

**भारत की अच्छी बल्लेबाजी**

टीम इंडिया की गेंदबाजों से पहले बल्लेबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिका ने पहले विकेट के लिए स्मृति मंधाना के साथ शानदार साझेदारी की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 83 रन जोड़े। मंधाना 54 गेंदों पर 36 रन बनाकर आउट हो गईं। उनके बाद आईं हरलीन देओल ने 29 रनों का योगदान दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमाह रोड्रिग्स ने 41–41 रनों की पारी खेली। ऋचा घोष ने अंत में 14 गेंदों पर 24 रन बनाए जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल रहा।

## एनिमल की तरह दिखेगी मारकाट, सेंसर बोर्ड ने दिया ए सर्टिफिकेट



टॉलीवुड स्टार नानी स्टारर अपकमिंग फिल्म हिट–द थर्ड केस को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने बिना किसी कट के पास कर दिया है, लेकिन फिल्म को सेंसर बोर्ड ने एडल्ट (ए) सर्टिफिकेट सौंपा हैं. नानी के वॉल पोस्टर सिनेमा वाली फिल्म हिट 3 आगामी 1 मई को रिलीज होने जा रही है. फिल्म में नानी के अपोजिट केजीएफ फेम एक्ट्रेस श्रीनिधि शेट्टी होंगी. नानी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया है कि उनकी मारकाट वाली फिल्म को ए सर्टिफिकेट दिया है.अपने पोस्ट के कैप्शन में नानी ने लिखा है, ए फॉर अर्जुन सरकार. रिपोर्ट्स की मानें तो सेंसर बोर्ड ने फिल्म में कोई कट नहीं लगाए हैं और इसका रनटाइम 2:37 घंटे का है. वहीं, नानी के फैंस को उनकी इस पॉपुलर क्राइम थ्रिलर फ्रेंचाईजी का बेसब्री से इंतजार है. एक्टर ने बताया था कि कैसे हिट 2 में उनका कैरेक्टर कैमियो के लिए तैयार किया गया था. एक इंटरव्यू में एक्टर ने बताया था, ईमानदारी से कहूं, तो हिट 3 की स्टोरी तैयार नहीं थी, जब हम हिट 2 पर काम कर रहे थे, डायरेक्टर सैलेष ने मुझसे पूछा कि क्या हम क्लाईमैक्स में हाइ मोमेंट एड कर सकते हैं और मैं या कोई और कैमियो के लिए एक्टर ले सकते हैं, जब हिट यूनिवर्स की तैयारी कर रहे थे, तो यह एक शानदार अवसर की तरह था कि फिल्म में एक कैमियो भी होगा. बता दें,

## फिल्म किष्किंदापुरी से बेल्लमकोंडा श्रीनिवास और अनुपमा परमेश्वरन का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी

एक्शन–हल्क, बेलमकोंडा साई श्रीनिवास अलग–अलग स्क्रिप्ट और दिलचस्प फिल्में चुन रहे हैं। अभिनेता ने कौशिक पेगलापति के निर्देशन में बड़ी एक्शन थ्रिलर का हिस्सा बनने का फैसला किया है। हाई बजट थ्रिलर का निर्माण साहू गरपति ने किया है। इस रोमांचक फिल्म ने एक क्रिएटिव अनाउंसमेंट पोस्टर के साथ सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा और अब, निर्माताओं ने इसका शीर्षक और फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। फिल्म का नाम किष्किंदापुरी है। इस फर्स्ट लुक पोस्टर में बेल्लमकोंडा श्रीनिवास और अनुपमा परमेश्वरन रात के समय सेंस फॉरेस्ट में खोज करते हुए नजर आ रहे हैं। बेलमकोंडा श्रीनिवास ने स्टाइलिश पोशाक पहनी हुई है और वह जिस चीज़ की तलाश कर रहे हैं, उसके बारे में चिंतित दिख रहे हैं। उनके लुक और हाव–भाव कहानी के बारे में एक बेहतरीन जिज्ञासा पैदा करते हैं और चूंकि जंगल घना और पुराना है,

# वैभव सूर्यवंशी ने तूफानी शतक ठोककर रचा इतिहास





जयपुर, राजस्थान रॉयल्स के 14 वर्षीय सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया है. वैभव ने आईपीएल 2025 के 47वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ तूफानी शतकीय पारी खेलकर इतिहास रच दिया है. उन्होंने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 35 बॉल में 7 शनदार चौके और 11 तूफानी छक्कों की मदद से शतक लगाया.

इस शतक के साथ ही वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. उनसे पहले यह रिकॉर्ड युसूफ पठान के नाम था जिन्होंने 37 बॉल में शतक लगाया था. पठान ने 2010 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ ये शतक लगाया था. अब वैभव ने 35 बॉल में शतक ठोककर उन्हें पीछे छोड़ जिया है.वैभव अब आईपीएल में सबसे कम गेंदों में शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं. क्रिस गेल के बाद दूसरे बल्लेबाज हैं. वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल ने 2013 में आरसीबी की ओर से खेलते हुए पुणे वॉरियर्स के खिलाफ सिर्फ 30 गेंदों में शतक लगाया था. ये आईपीएल इतिहास का अब तक का सबसे तेज शतक हैं.इसके साथ ही वैभव सबसे कम उम्र के शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए हैं. उन्होंने 14 साल 32 की दिन की उम्र में शतक लगाया है. उन्होंने विजय जोल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2013 में महाराष्ट्र की ओर से मुंबई के खिलाफ खेलते हुए 18 साल और 118 दिन की उम्र में शतक जड़ा था.इस मैच में गुजरात टाइटंस के 209 रनों के जवाब में राजस्थान रॉयल्स ने 15.5 ओवर में 2 विकेट 212 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली. वैभव सूर्यवंशी 101 रनों की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच बने.

## एक नजर

### पुलिस ने पीड़ितों को वापस दिलवाई ठगी की रकम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जनपद पुलिस की साइबर सेल कोटद्वार की टीम ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अच्छा मुनाफा कमाने का लालच देकर एक युवक से हुई ऑनलाइन ठगी की 3.5 लाख रुपये की धनराशि उसके खाते में वापस करा दी है। अपनी मेहनत की कमाई पाकर पीड़ित काफी खुश है और उसने साइबर सेल की त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए आभार जताया। साइबर सेल प्रभारी एसआई जयपाल सिंह चौहान ने बताया कि एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जनपद में गठित साइबर सेल को साइबर ठगी संबंधी किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। साइबर सेल कोटद्वार में लक्ष्मणझूला निवासी पत्नू राम ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उसने कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अच्छा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 3,50,000 रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। साइबर सेल कोटद्वार की टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित से ठगी गई शत-प्रतिशत धनराशि उसके खाते में वापस करा दी।

### छात्र संसद में चुने विद्यार्थियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : मोटाढांक स्थित रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में छात्र संसद का गठन करते हुए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों ने छात्र संसद के चुने हुए पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य कुंज बिहारी भट्ट, पार्षद अमित नेगी व विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप नेगी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मानसी को प्रधानमंत्री, मनिंदर को उपप्रधानमंत्री, आशुतोष को सेनापति, ध्रुव शर्मा को उपसेनापति चुना गया। इसके अलावा प्राची काला को संसदीय कार्यमंत्री आयुष धस्माना को उप संसदीय कार्यमंत्री, मंयक रावत को छात्र न्यायाधीश चुना गया। इस मौके पर विद्यालय में कन्या भारती का भी गठन किया गया। जिसमें सोनम को कन्या भारती प्रमुख, इशिका को उप प्रमुख चुना गया। छात्र संसद के लिए चुने गए सभी पदाधिकारियों को अतिथियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभी चुने हुए पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करने के प्रेरित किया। इस मौके पर आचार्य गणेश, इंद्रामणि, चंद्रकांत, मुधबाला, गीता मौजूद रहे।

### मांस की दुकानों पर रेट लिस्ट नहीं लगाने पर होगी कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : मंडल मुख्यालय पौड़ी में अब मांस की सभी दुकानों पर मांस विक्रेता का नाम, दुकान का प्रकार और रेट लिस्ट लगानी होगी। नगर पालिका की ओर से मांस विक्रेताओं को नोटिस भेजकर 1 हफ्ते के भीतर सभी दुकानों पर मांस विक्रेता का नाम, दुकान का प्रकार और रेट लिस्ट ना लगाने पर दुकानदारों पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

पौड़ी शहर में पिछले लंबे समय से दुकानों में मांस विक्रय का काम किया जाता है, लेकिन इन दुकानों पर नाम दुकान का प्रकार (झटका व हलाली), रेट लिस्ट व नगर पालिका की अनापत्ति प्रदर्शित नहीं हो रही थी। बीते दिनों इस पर बजरंग दल ने भी कड़ी नाराजगी जताते हुए नगर पालिका पौड़ी प्रशासन को ज्ञापन देकर जल्द ही दुकानों पर मांस विक्रेता का नाम, दुकान का प्रकार और रेट लिस्ट लगानी की मांग उठाई थी। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एसपी जोशी ने बताया कि शहर के सभी मांस विक्रेताओं को मांस विक्रेता का नाम, दुकान का प्रकार और रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए है। बताया कि सभी मांस विक्रेताओं को नोटिस भेज कर 7 दिन के भीतर प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है। बताया कि 7 दिन के भीतर प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सभी प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारे सांस्कृतिक मूल्यों, सत्कर्म, दान और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि यह दिन और भी विशेष हो जाता है क्योंकि इसी पुण्य तिथि पर श्री गंगोत्री धाम एवं श्री यमुनोत्री धाम के कपाट विधिवत पूजन के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुलते हैं और देवभूमि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ होता है।

# धनराशि स्वीकृति के बाद भी नहीं बनी ट्रेंचिंग ग्राउंड की सुरक्षा दीवार



गाड़ीघाट में सुरक्षा दीवार नहीं होने से खोह नदी में गिरता ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा

### दीवार के अभाव में खोह नदी में गिर रहा ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नगर निगम हर बार बजट की कमी की बात कहता रहता है। लेकिन, गाड़ीघाट खोह नदी में संचालित हो रहे ट्रेंचिंग ग्राउंड की सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए बजट जारी होने के बाद भी अब तक इसका निर्माण नहीं करवाया गया है। नतीजा ट्रेंचिंग ग्राउंड की गंदगी खोह नदी में गिरने से जल दूषित हो रहा है। जबकि, कई काश्तकार नदी के जल का उपयोग खेती व मवेशियों को पिलाने के लिए भी करते हैं। वहीं, कुछ माह बाद शुरु होने वाले वर्षाकाल से ट्रेंचिंग ग्राउंड की भूमि के बहने का खतरा बना हुआ है। गत वर्ष 13 अगस्त को हुई अतिवृष्टि से खोह नदी उफान पर बनी हुई थी। जिसके तेज बहाव से ट्रेंचिंग ग्राउंड की सुरक्षा दीवार के साथ ही भूमि का कुछ हिस्सा नदी में बह गया था। ऐसे में सुरक्षा दीवार का निर्माण करवाने के बजाय नगर निगम अब भी ट्रेंचिंग ग्राउंड में प्रतिदिन चालीस वार्डों का सैकड़ों टन कूड़ा डाल रहा है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में पर्याप्त जगह व सुरक्षा दीवार नहीं होने से यह कूड़ा खोह नदी में गिर रहा है। नदी दूषित होने से जलीय जीवों पर खतरा मंडरा रहा है। पूर्व में सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए नगर निगम ने सिंचाई विभाग को पत्र भेजा था। इसके लिए विभाग ने 1.5 करोड़ रूपये का प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजा। लेकिन, इस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिल पाई। जिसके बाद शासन ने राज्य वित्त में बाढ़ सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए डेढ़ करोड़ की धनराशि को स्वीकृति दी। लेकिन, धनराशि स्वीकृत होने के बाद भी नगर निगम अब तक धरातल पर कार्य प्रारंभ नहीं कर पाया है।

#### भूमि के बहने का खतरा

कुछ माह बाद शुरु होने वाले वर्षाकाल से ट्रेंचिंग ग्राउंड की भूमि के बहने का खतरा बना हुआ है। दअरसल, सुरक्षा दीवार ढहने के बाद से ट्रेंचिंग ग्राउंड की भूमि नीचे से खोखली होती जा रही है। यदि ट्रेंचिंग ग्राउंड की भूमि बह जाती है तो नगर निगम के समक्ष कूड़ा निस्तारण की समस्या खड़ी हो जाएगी। वर्तमान में ट्रेंचिंग ग्राउंड में शहर के चालीस वार्डों का कूड़ा एकत्रित किया जाता है।

#### बयान

ट्रेंचिंग ग्राउंड की सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए 1.5 करोड़ की धनराशि स्वीकृत है। इसकी निविदा भी जारी हो चुकी है। जल्द ही धरातल पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा..चंद्रशेखर शर्मा, सहायक नगर आयुक्त, कोटद्वार

## नव प्रवेशित विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** एकेश्वर के अंतर्गत ज्वाल्पा धाम संस्कृत विद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्कृत विद्यालय में नव प्रवेशित छात्रों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। संस्कृत विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के अभिभावकों से विद्यालय संचालन में सहयोग करने का आग्रह किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य दिनेश लाल व संस्कृत महाविद्यालय की प्राचार्य ममता मेहरा ने छात्रों के अभिभावकों का स्वागत किया। तत्पश्चात विद्यालय में नव प्रवेशित छात्रों को फूलमाला पहना कर उनका स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य ने अभिभावकों से कहा कि विद्यालय में छात्रों के रहने व खाने की पूर्ण सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर मनोज कुमार सिमल्टी, राजेंद्र प्रसाद, हरेंद्र मोहन, कालिका प्रसाद डोबरियाल, प्रदीप थपलियाल, पवन नौटियाल, भाष्कर नंद मंमगाई, स्वाती नेगी मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को न्याय विभाग से संबंधित जानकारी दी

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार :** थान सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय पटोटिया नैनीडांडा में कैरियर काउंसिलिंग सेल के तहत कार्यक्रम का आयोजनक किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को न्याय विभाग से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी गई। मुख्य अतिथि व विषय विशेषज्ञ चेयरमैन पब्लिक सर्विस ट्रिब्यूनल देहरादून के उमेश चंद्र ध्यानी ने व्यावहारिक ज्ञान एवं सामाजिक मूल्यों को साथ लेते हुए कैसे जागरूक एवं सुदृढ़ नागरिक के रूप में स्वयं को तैयार कर सकते हैं आदि विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य बीपी उनियाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं को सामान्य ज्ञान व सम सामयिक घटनाओं की जानकारी के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहना चाहिए। इस मौके पर थानाध्यक्ष धुमाकोट सुनील पंवार, एएसआई विजय नौटियाल, पवन कुमार, प्रोफेसर इंदु तिवारी, डा. धीरेंद्र सिंह, डा. अर्चना, डा. हरीश जोशी, डा. मिथिलेश गोपाल, सीबी ध्यानी आदि शामिल रहे। संचालन कैरियर काउंसिलिंग सेल की संयोजक डा. अंजना शर्मा ने किया।

# कार्यकर्ताओं को बताया संगठन की रीढ़

### दो दिवसीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : नगर पंचायत सतपुली में मंगलवार से दो दिवसीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया। शिविर में पौड़ी व कोटद्वार कांग्रेस कमेटी के सदस्य भाग ले रहे हैं। कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि जब-जब कार्यकर्ता मजबूत हुआ है, तब-तब कांग्रेस पार्टी मजबूत हुई है। उन्होंने सभी को कांग्रेस पार्टी का इतिहास बताते हुए कहा की सबसे पुरानी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस जिसने की भारत में अनेक ऐतिहासिक आविष्कार व अनेक ऐतिहासिक कार्य किए। मंगलवार को सतपुली में आयोजित शिविर की शुरुआत सेवादल के द्वारा ध्वजा रोहण व ध्वज गीत के साथ की गई। प्रशिक्षण शिविर में सैकड़ो की संख्या में आए महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रशिक्षण संगठन के राष्ट्रीय संयोजक मृणाल पंत, सीताराम लांबा, उत्तराखंड प्रदेश के प्रदेश प्रशिक्षण विभाग के अध्यक्ष प्रभातपुर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश गोदियाल, एआईसीसी के सदस्य राजपाल बिष्ट ने संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने देश की आजादी से पहले कांग्रेस पार्टी के द्वारा चलाए गए आंदोलन व आजादी के समय से लेकर कांग्रेस के द्वारा किए गए कार्य एवं कार्यकर्ताओं के त्याग तपस्या बलिदान पर प्रकाश डाला। एआईसीसी के सदस्य राज्यपाल बिष्ट ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर बुधवार को भी जारी रहेगा। इस मौके पर युवा कांग्रेस प्रदेश के महामंत्री आशीष नेगी, जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस कमेटी कोटद्वार रश्मि पटवाल, यशोदा नेगी, अरुणा कुमार, प्रदेश मंत्री युवा विकास रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र चौहान, अमित रावत, वार्ड सभासद चंद्र मोहन सिंह रावत, पौड़ी के जिला अध्यक्ष विनोद नेगी, कोटद्वार से विनोद डबराल आदि शामिल रहे।

### डीएम ने लगाई नगर निगम कोटद्वार के अफसर के वेतन आहरण पर रोक

पौड़ी : जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज संबंधी शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक में जल निगम कोटद्वार प्रथम की 12 व जल निगम कोटद्वार द्वितीय की 7 शिकायतें 36 दिन से अधिक समय तक लंबित पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी जताई। बैठक में सहायक नगर आयुक्त नगर निगम कोटद्वार के द्वारा आदि अधूरी तैयारी के साथ आने पर डीएम ने माह अप्रैल के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। वन विभाग गोहरी रेंज के तहत पौधरोपण की देखरेख करने वाले व्यक्ति के भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने रेंज अधिकारी को जांच करते हुए जवाबदेही तय करने, घोड़ीखाल-डुंगरी मोटर मार्ग पर डामरीकरण की गुणवत्ता को लेकर दर्ज शिकायत पर उपजिलाधिकारी पौड़ी को जांच के निर्देश दिए। तहसील सतपुली के हलुनी गांव के एक ग्रामीण की पशुपालन विभाग के वाहन समय पर नहीं पहुंचने से उपचार के अभाव में गाय की मृत्यु होने की शिकायत पर डीएम ने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को जांच करते हुए दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल, एसडीएम दीपक रामचंद्र सेट, पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, सीईओ नागेंद्र बर्तवाल, डीपीआरओ जितेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

# कांग्रेस की संविधान यात्रा केवल दिखावा : हेमंत

### पत्रकारों से वार्ता करते हुए बोले भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी ने कहा कि कांग्रेस की संविधान यात्रा केवल दिखावा है। हकीकत तो यह है कि कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान को अनदेखा किया। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार संविधान के हितों को लेकर कार्य कर रही है। देश में लगातार विकास कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मंगलवार को कोटद्वार पहुंचे प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी संविधान का सम्मान नहीं किया। कांग्रेसियों ने केवल जनता का ध्यान भटकाने का ही कार्य किया। कहा कि जनता को गुमराह करने के लिए अब कांग्रेस पार्टी संविधान बचाओ यात्रा निकाल रही है। कहा कि देश के इतिहास में आपातकाल लगाना दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। जिसमें संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों को जेल में डाल दिया गया। कहा कि कांग्रेस पार्टी सरकार के कार्यकाल में संविधान पर कई बार हमला किया गया। कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार ने धारा 156 का 102 बार दुरपयोग कर चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम किया। संविधान को दरकिनार करते हुए पार्टी की चेयर पर्सन सोनियां गांधी ने प्रधानमंत्री व पीएमओ को कंट्रोल करने का काम किया है। कहा संवैधानिक संस्थाओं को बचाने की बात करने वाली पार्टी के नेता राहुल गांधी विदेश में जाकर संवैधानिक संस्थानों को कमजोर करने का काम रहे है। कहा कि राहुल गांधी ने संविधान की प्रतियों को फाड़कर संविधान का घोर निरादर किया था। कहा कि वर्तमान में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार अच्छा काम कर रही है। केंद्र सरकार के नेतृत्व में देश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। सरकार का काम धरातल पर दिख रहा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, लैंसडौन विधायक दिलीप सिंह रावत, महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष पं. राजेंद्र अण्थ्वाल, सिंचाई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल मौजूद रहे।



भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी

# महापौर के वाहन पर पत्थर फेंकने के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम श्रीनगर की महापौर आरती भंडारी के वाहन पर पत्थर फेंकने वाले तीन युवकों को कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीते सोमवार देर रात्रि नशे में एक युवक ने नगर निगम तिराह के पास महापौर के वाहन पर पत्थर मारकर शीशा फोड़ दिया, गनीमत रही कि उस दौरान महापौर वाहन में मौजूद नहीं थी। मामले को लेकर वाहन चालक प्रफुल्ल नेगी ने कोतवाली में सूचना दी कि नगर पालिका तिराहे के पास कुछ शरारती व असामाजिक तत्व शराब के नशे में हुड़दंग कर आपस में लड़ाई–झगड़ा कर रहे थे। इसी दौरान नगर निगम के वाहन चालक प्रफुल्ल नेगी के साथ शराब के नशे में धुत युवक विवाद कर गाली गलौज करने लगे। इसी दौरान एक युवक द्वारा नगर निगम महापौर के वाहन को पत्थर मारकर वाहन का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पूरे मामले में पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि घटना के बाद पुलिस टीम मौके पर घटनास्थल पर पहुंची। बताया कि पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज आदि का अवलोकन करने व आस पास पूछताछ की। बताया कि वाहन पर पत्थर मारने वाले युवक को पुलिस ने रात्रि ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि दो युवकों को मंगलवार सुबह अलग–अलग स्थान से गिरफ्तार किया गया है। बताया कि मामले में मुख्य आरोपी अभय रावत (22) पुत्र सुनील रावत, निवासी न्यू डांग श्रीनगर, आयुष मड़ोली (27) पुत्र रमेश चन्द्र मडोली, निवासी- न्यू डांग श्रीनगर, गौतम (22) पुत्र धनी चन्द्र, निवासी- वाल्मीकि मन्दिर मिस्त्री मौहल्ला, श्रीनगर, हाल निवासी-मणी चौरास, टिहरी गढ़वाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। (एजेंसी)



### मुख्य रावल नम्बूद्री ने देवप्रयाग में किया पूजन

नई टिहरी : बदरीनाथ धाम के मुख्य रावल अमरनाथ नम्बूद्री ने देवप्रयाग तीर्थ में पतित पावनी गंगा और भगवान रघुनाथ का पूजन कर सभी की मंगलमय यात्रा की प्रार्थना की। आगामी चार मई को भगवान बदरीनाथ के कपाट खुलेंगे। मुख्य रावल अमरनाथ नम्बूद्री मंगलवार को केरल से बदरीनाथ धाम जाते हुए देवप्रयाग तीर्थ पहुंचे। बदरीनाथ धाम तीर्थ पुरोहित समाज द्वारा उनका यहां भगवान बदरीनाथ और मां गंगा की जय-जयकार के साथ भव्य स्वागत किया गया। आगामी चार मई को मुख्य रावल छह माह के बाद शुभ मुहूर्त में भगवान बदरीनाथ के कपाट खोलेंगे। परम्परानुसार मुख्य रावल इस बार भी भगवान बदरीनाथ के तीर्थपुरोहितों के स्थायी निवास देवप्रयाग तीर्थ में भागीरथी अलकनंदा संगम पर मां गंगा का पूजन करने पहुंचे।

# जंगल हमारे अस्तित्व का आधार, उन्हें बचाना सबकी जिम्मेदारी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलें में जंगलों की आग रोकने के लिए पिरुल (सूखी चीड़ की पत्तियों) एकत्रीकरण का अभियान चलाया जा रहा है। कार्यालयों, बस्तियों और जंगलों में फैली इन सूखी पत्तियों को चिह्नित कर बड़े स्तर पर एकत्र किया जा रहा है। रांसी स्टेडियम पौड़ी के पास जिलाधिकारी के नेतृत्व में अफसरों व कर्मचारियों ने लगभग 50 किलो पिरुल एकत्र किया। इससे पूर्व पौड़ी ब्लॉक के समीपवर्ती आबादी क्षेत्रों से भी 60 किलो पिरुल संग्रहित किया गया था।

प्रशासन का दावा है कि यह पहल न सिर्फ जंगलों को आग की चपेट में आने से बचाएगी, बल्कि वनों में रहने वाले असंख्य जीवों के जीवन को भी सुरक्षित रखेगी। इसके साथ ही लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिलेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि लोग एकत्रित पिरुल को इच्छुक फॉर्म या वन विभाग को 10 रुपए प्रति किलो की दर से बेच सकते हैं, जिससे उनकी आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी। डीएम डा. आशीष चौहान ने कहा कि जंगल हमारे अस्तित्व का आधार हैं, उन्हें बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। डीएम ने खंड विकास अधिकारियों को भी अपने स्तर पर जिन क्षेत्रों में अत्यधिक मात्रा में पिरुल फैला हुआ है उसे एकत्रित करने के निर्देश दिए। कहा कि एकत्रित पिरुल को इच्छुक फॉर्म को निर्धारित मूल्य पर बेचा जाएगा। इस दिशा में ब्लॉक स्तर पर भी पिरुल एकत्रित किया जा रहा है। कहा कि जंगल केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, हमारी सांसों का आधार हैं। इनकी रक्षा करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, मुख्य कृषि अधिकारी विकेश कुमार यादव, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. विशाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने किया पुलिस चौकी का घेराव

नई टिहरी : कांडीखाल क्षेत्र से गायब 14 वर्षीय किशोरी का 10 दिन बाद भी पता नहीं लगने पर स्थानीय ग्रामीणों ने कांडीखाल पुलिस चौकी का घेराव किया। ग्रामीणों ने किशोरी का जल्दी पता नहीं लगाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी 20 अप्रैल को रथी देवता मेले में गई थी। वापसी के दौरान स्थानीय निवासी एक युवक ने उसे अपनी गाड़ी में बैठाया और सड़क किनारे उतार दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस ने अभी तक आरोपी युवक पर कोई कार्रवाई नहीं की है। जिससे नाराज लोगों ने मंगलवार को कांडीखाल चौकी का घेराव किया।

# सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत माह मई हेतु रोस्टर जारी

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : आम जनमानस की समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर पर हो इसके लिए सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं को सुनने के साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए समस्याओं का यथासंभव निस्तारण करने का प्रयास किया जा रहा है।मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में माहवार रोस्टर तैयार कर जनपद स्तरीय अधिकारियों को ग्राम पंचायतों का आवंटन किया जा रहा है, ताकि अधिकारी ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का यथासंभव निराकरण कर सकें। उन्होंने बताया कि मई माह के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार उप वन संरक्षक कल्याणी विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत बैरांगणा में ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगी।

इसी तरह अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा विकासखंड जखोली की ग्राम पंचायत सुमाड़ी में, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार ग्राम पंचायत बैंजी कांडई, परियोजना निदेशक विमल कुमार मोसड़ में मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रवेंद्र कुमार बिष्ट ललूड़ी में, उप जिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया बचवाड़ में, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला गडगू में, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष चंद्र घिल्डियाल ग्राम पंचायत जरम्वाड़ में भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। बताया कि अन्य अधिकारियों में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत ग्राम पंचायत मचकंडी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश माथगांव, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चैबे भ्यूंता, जिला आबकारी अधिकारी रमेश चंद्र सतनी में, जिला सूचना अधिकारी वीरेश्वर तोमर ग्राम पंचायत चापड़ में ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित करेंगे। उन्होंने बताया कि 45 जनपद स्तरीय अधिकारियों को विकासखंड वार विभिन्न ग्राम पंचायतों का आवंटन किया गया है।

# संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर करें कार्य : नेगी

जयन्त प्रतिनिधि।

थलीसैंण : मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी थलीसैंण मंडल की नवनियुक्त कार्यकारिणी की बैठक मंडल अध्यक्ष आनन्द नेगी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जहां संगठन की मजबूती पर बल दिया गया, वहीं कई मुद्दों पर मंथन भी किया गया। बैठक में नई कार्यकारणी गठन हेतु सभी कार्यकर्ताओं एवम पदाधिकारियों से रायशुमारी की गई। बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निंदा करते हुए दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धाजंलि दी गई।

मंडल अध्यक्ष आनन्द नेगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे यह दायित्व सौंपा है उसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह दायित्व मेरे लिए केवल एक पद नहीं बल्कि सेवा, समर्पण और संगठन के प्रति मेरी निष्ठा की परीक्षा है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जायेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आपसी मतभेद, मनमुटाव को छोड़कर वह संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर काम करे। प्रत्येक बूथ पर सक्रिय होकर जनता के बीच पहुंचे और भाजपा नीति और कल्याणकारी योजनाओं को बारे में बताएं। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश प्रसाद ममगाई, सुरेन्द्र सिंह नेगी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नवीन जोशी, राकेश ममगाई, मनोज रमोला, जय सिंह रावत, मनवर सिंह बिष्ट, निवर्तमान महिला मोर्चा मंडल अध्यक्षा श्रीमती रजनी रावत, पुष्पेंद्र भंडारी, नंदन बिष्ट, दलीप नेगी, पत्रकार आशाराम पोखरियाल, बलवीर रावत, योगेश ममगांई, प्रधान बसंत रावत, उमराव बिष्ट, मीडिया संयोजक नरेंद्र रावत, अमर सिंह, वीरमणि पोखरियाल आदि मौजूद थे।



: बैठक में नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष आनन्द नेगी का स्वागत करते हुए।

# घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित : कोहली

### चारधाम यात्रा मार्ग पर पेट्रोल पंपों, होटलों व दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** चारधाम यात्रा के सुचारु संचालन एवं तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रुद्रप्रयाग, तिलवाड़ा एवं अगस्त्यमुनि क्षेत्र में जिला पूर्ति अधिकारी के.एस. कोहली के नेतृत्व में आकस्मिक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक रुद्रप्रयाग, तिलवाड़ा एवं एनी की टीमों ने यात्रा मार्ग पर स्थित समस्त पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंपों पर यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क सुविधाओं जैसे हवा, पीने का पानी, शौचालय तथा प्राथमिक उपचार किट आदि की स्थिति की गहनता से जांच की गई। टीम ने पाया कि अधिकांश स्थानों पर सफाई की व्यवस्था संतोषजनक है। साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी पंप प्रबंधकों को निर्देशित किया कि पेट्रोल व डीजल की 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की कमी न हो। इसी क्रम में रुद्रप्रयाग पर पड़ने वाले होटलों, रेस्टोरेंटों, ढाबों तथा अन्य दुकानों का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की गई हो। कुछ स्थानों पर रेट लिस्ट न पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों को तत्काल रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग की भी जांच की गई। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक तिलवाड़ा विजय कुमार, केंद्र प्रभारी चंद्रमोहन बरमोला, अनुवाद प्रभारी पंकज बुटोला, दिनेश रमोला, विजय सिंह समेत अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




### बोर्ड बैठक में 28 करोड़ का बजट पारित

नई टिहरी : नगर पालिका की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 28 करोड़ रुपये का बजट ध्वनिमत से पारित किया गया। वित्तीय वर्ष में 26 करोड़ रुपये विभिन्न मदों पर खर्च होगा। जबकि, विकास कार्यों के लिए महज दो करोड़ रुपये की बच पाएंगे। पिछले बोर्ड का अभी तक पालिका पर दो से ढाई करोड़ रुपये की देनदारी है। नई टिहरी के पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत की अध्यक्षता में नगर पालिका की बोर्ड बैठक में बजट पर चर्चा हुई। पालिका की अपनी कोई खास आय नहीं है। जिससे पालिका को सरकार पर ही निर्भर रहना पड़ता है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि वित्तीय वर्ष के लिए 28 करोड़ रुपये का बजट पारित किया गया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/24-25 — दिनांक: 29.04.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 24-DRM-MB-25-26 Dt. 23.04.2025 | 25-DRM-MB-25-26 Dt. 23.04.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of cover shed, grouting of joints at LHS no. 63, 68, 70, 71, 73, 80, 81 & 82 in the section of GJL-MZM under ADEN/GJL. | Provision of cover shed at LHS no. 06, 07 & 31 and grouting of joints at LHS no. 31 between KJY-HPU in the section of SSE/W/B/HPU under ADEN/HPU. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 22.05.2025 | 22.05.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 4,65,55,128.95 | 4,20,16,965.01 |
| धरोहर राशि | 3,82,800.00 | 3,60,100.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 8 माह | 8 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 08.05.2025 | 08.05.2025 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — 1261/25

## संक्षिप्त समाचार

### दून शहर में सफाई व्यवस्था जल्द ठीक होगीः मेयर थपलियाल

देहरादून। नगर निगम ने हाल ही सैंतालीस और छब्बीस वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा उठान का काम कर रही दो कंपनियों वाटरग्रेस और इकॉन को हटाने का निर्णय लिया है। निगम के स्तर से कुछ बदलाव किए जा रहे हैं। कई वार्डों से नियमित रूप से कूड़ा नहीं उठने की शिकायतें मिल रही हैं। जल्द सफाई व्यवस्था पटरी पर लौटेगी। यह बात मंगलवार को मेयर सौरभ थपलियाल ने निगम में पार्षद कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कही। मेयर ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कुछ वार्डों में निर्धारित रूटों पर नियमित रूप से सफाई वाहनों का संचालन नहीं किया जा रहा। लोगों ने सीएम पोर्टल, निगम की वेबसाइट और टोल फ्री नंबर के माध्यम से सफाई वाहन नहीं आने की शिकायतें भी दर्ज की हैं। उन्होंने कहा कि निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सफाई और स्ट्रीट लाइटों से जुड़ी शिकायतों का तत्काल प्रभाव से समाधान करवाएं। उन्होंने कहा कि पार्षदों वह पार्षदों से मिलने के लिए एक घंटे का समय अलग से निर्धारित करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्षदों के सुझावों पर वह अमल करेंगे। मेयर ने कहा कि आज उन्हें मेयर बनने का मौका मिला है, कल किसी और को मिलेगा। इसलिए हम सभी को मिलकर निगम और जनहित में कार्य करना है। इस दौरान पार्षद महिपाल धीमान, आलोक कुमार, रवि गोसांई, नंदिनी शर्मा, पूजा नेगी, स्वाति डोभाल, अमीता सिंह, दिनेश प्रसाद सती, सतीश कश्यप, रॉबिन त्यागी, योगेश घाघाट, भूपेंद्र कठैत, मोहन बहुगुणा, मंजू कौशिक, संजय सिंघल, अल्पना राणा, विवेक कोठारी, मीनाक्षी नौटियाल, रवि कुमार, अशोक डोबरियाल, रोहन चंदेल, अनीता गर्ग, विमला गौड़, दर्शन लाल बिंजोला, अंजलि सिंघल, आदि पार्षद मौजूद रहे।

### पहलगाम में मारे गए लोगों को सिख संगत ने दी श्रद्धांजलि

देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा आढ़त बाजार की ओर से मंगलवार को पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । प्रातः नितनेम के पश्चात हजूरी रागी भाई जनक सिंह ने आसा दी वार का शब्द ह्वआगै सुख मेरे मीता, पाछे आनंद प्रभ कीताह्व का गायन किया। बीबी भानी स्त्री सत्संग सभा की ओर से गुरू अर्जुनदेव के शहीदी दिवस को समर्पित सुखमनी साहिब के पाठ किए गए। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ने आतंकवादी हमले में मारे गए प्राणियों की आत्मिक शांति के लिए रखे गये श्री अखण्ड पाठ साहिब के भोग डाले गये ' हजूरी रागी जत्था भाई जनक सिंह ने ह्वनर चाहत कछ अउर अउरै की अउरै भईह्व का शब्द गायन किया। गुरुद्वारा साहिब के हैंड ग्रंथी ज्ञानी शमशेर सिंह ने मृतक प्राणीयो की आत्मा की शान्ति व सरबत के भले के लिए अरदास की।

इस दौरान महासचिव सरदार गुलज़ार सिंह, राज्यमंत्री श्याम अग्रवाल,देवेंद्र सिंह भसीन,सरदार गुरबखश सिंह राजन,सरदार हरभजन सिंह मान,उपाध्यक्ष सरदार चरणजीत सिंह,गुरप्रीत सिंह जौली,सरदार मनजीत सिंह, सरदार हरचरण सिंह , सरदार इंदरजीत सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### वक्फ संशोधन एक्ट के खिलाफ आज बत्ती गुल

देहरादून। वक्फ संशोधन एक्ट के खिलाफ बुधवार रात को मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों की बत्ती बंद रखी जाएगी। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर देशभर में ये सांकेतिक विरोध किया जा रहा है। बोर्ड के उत्तराखंड सदस्य मुफ्ती सलीम कासमी का कहना है कि वक्फ संशोधन बिल के माध्यम से गरीबों के लिए वक्फ की गई संपत्तियां हथियाने की कोशिश है।

मस्जिदें, दरगाहें, खानकाहें, चैरिटेबल संस्थाएं हाथ से निकल जाएंगे। बुधवार रात नौ से सवा नो बजे तक घरों, प्रतिष्ठानों, दुकानों की बिजली पंद्रह मिनट के लिए बंद कर दें। इसके माध्यम से काले कानून को वापस लेने के लिए दबाव बनाया जाएगा।

### जलागम कर्मचारियों का विरोध जारी

देहरादून। विभागीय ढांचा पुनर्गठन की मांग को लेकर चल रहा जलागम प्रबंधन कार्मिक महासंघ का विरोध मंगलवार को भी जारी रहा। निदेशालय सहित तमाम कार्यालयों में कर्मचारी काली पट्टी बांधकर काम किया। कर्मचारियों में रोष है कि जलागम में वर्षो से कार्यरत अधिकारियों ने विश्व बैंक पोषित परियोजना, केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही परियोजना व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं को प्राधिकरण के तर्ज पर चलाने का मन बना लिया है।

# केदारनाथ धाम यात्रा 2 मई से होगी शुरू, तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

## यात्रा मार्गों पर जीपीएस एवं पर्यटन मित्रों की तैनाती, प्रत्येक घोड़े-खच्चर के लिए हॉकर अनिवार्य,जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने की प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम की पवित्र यात्रा 2 मई से प्रारंभ होने जा रही है। यात्रा को सुचारू एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने मंगलवार को जिला सभागार कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और यात्रा तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि इस बार यात्रा को बेहतर ढंग से संचालित करने हेतु हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।



बैठक में जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने कहा कि पैदल यात्रा मार्ग पर रात्रि के समय समुचित रोशनी की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, ठंड से बचाव के लिए स्थान-स्थान पर अलाव एवं गर्म पानी की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि यात्रा के सभी पड़ावों पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने आरटीओ विभाग को निर्देशित किया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों के वाहनों में जल्द से जल्द जीपीएस लगाए जाए। इसके अतिरिक्त यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थलों पर ''पर्यटन मित्रों'' की तैनाती की जाए जो न केवल श्रद्धालुओं की सहायता करें, बल्कि सफाई व्यवस्था में भी सहयोग करें।

जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग को निर्देश दिए कि प्रत्येक घोड़े-खच्चर के साथ अनिवार्य रूप से 'हॉकर्स' (देखरेख करने वाले कर्मचारी) की तैनाती की जाए, ताकि पशुओं की स्वास्थ्य और सुरक्षा पर लगातार निगरानी रखी जा सके। बैठक में एसपी अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने जानकारी दी कि संगम ब्रिज के समीप टोकन काउंटर लगाए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन में सुगमता हो। उन्होंने बताया कि पूर्व वर्षों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मंदिर में दर्शन के लिए 3 से 4 घंटे तक लग जाते थे, लेकिन इस बार दर्शन हेतु अधिकतम 1 घंटे की समयावधि सुनिश्चित की गई है। भीड़ नियंत्रण के लिए एक सुस्पष्ट डाइवर्जन प्लान भी तैयार किया गया है।

### स्वच्छता व्यवस्था के लिए व्यापक इंतजाम

स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के लिए पैदल यात्रा मार्ग पर हर 50 मीटर की दूरी पर एक पर्यावरण मित्र की तैनाती की जा रही है। यानी औसतन हर किलोमीटर पर 20 पर्यावरण मित्र सेवा में लगाए जाएंगे। स्वच्छता व्यवस्था में सक्रिय 'रिसाइकल संस्था' के साथ मिलकर इस वर्ष भी कूड़े के निस्तारण की प्रभावी योजना तैयार की गई है। इसके लिए एक विशेष कॉम्पैक्टर भी जल्द ही केदारपुरी पहुंचने वाला है।

### ग्राम सभाओं को भी किया जा रहा है शामिल

डीपीआरओ प्रेम सिंह रावत ने बताया कि यात्रा मार्ग पर स्थित ग्राम सभाओं को स्वच्छता अभियान से जोड़ने के लिए उन्हें विशेष बजट आवंटित किया गया है, जिससे सड़क किनारे की झाड़ियां, प्लास्टिक कचरा और अन्य अपशिष्टों की सफाई की जा सकेगी।

### सुलभ इंटरनेशनल ने बढ़ाई कर्मचारी संख्या

जिला प्रशासन के निर्देश पर सुलभ इंटरनेशनल ने केदारनाथ पैदल मार्ग और मंदिर परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ा दी है। सुलभ इंटरनेशनल के क्षेत्रीय प्रबंधक धनंजय पाठक ने बताया कि इस वर्ष लगभग 550 पर्यावरण मित्र स्वच्छता कार्यों में जुटे रहेंगे, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 50 अधिक हैं। इसके अतिरिक्त धाम में 50 नए शौचालय भी लगभग तैयार हो चुके हैं, जिनका उपयोग मई महीने के अंत तक प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## डेंगू के डंक से रहे सावधान, मच्छरों की करें प्रभावी रोकथाम

### – घर में और आसपास पानी एकत्रित न होने दें, पानी की टंकी ढककर रखें

देहरादून। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने डेंगू रोग नियंत्रण एवं रोकथाम और विभागों की भूमिका को लेकर एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि डेंगू से बचाव ही उसका सबसे प्रभावी इलाज है, क्योंकि इस बीमारी का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है। डेंगू एक मच्छर जनित बीमारी है, जो एडिस मच्छर के काटने से फैलती है। अचानक तेज बुखार, गंभीर सिरदर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में गंभीर दर्द, आँखों के पीछे दर्द, सूजी हुई लिम्फ ग्रंथियां, जी मिचलाना, उल्टी, खुजली, थकान डेंगू के लक्षण है।

डेंगू मच्छर के काटने से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, मच्छरदानी का उपयोग करें और मच्छर भगाने वाली क्रीम या स्प्रे का उपयोग करें। घर अपने आसपास के क्षेत्र में मच्छरों की रोकथाम किया जा सकता है। अपने आसपास पानी जमा न होने दें, कूड़ा–कचरा साफ करें और मच्छर मारने वाली दवाओं का छिड़काव करें। घर और आसपास के क्षेत्र को साफ रखें, कूड़ा–कचरा नियमित रूप से निकालें और पानी जमा न होने दें। अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए स्वस्थ भोजन करें, नियमित व्यायाम करें और पर्याप्त नींद लें। डेंगू का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है, लेकिन डॉक्टर लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए दवाएं दे सकते हैं और तरल पदार्थों की कमी को पूरा करने के लिए आईवी फ्लूइड्स दे सकते हैं।

## द लिटरेचर लॉरेट अवार्ड से सम्मानित हुए डा.रमेश पोखरियाल 'निशंक'

देहरादून। अखिल भारतीय सर्वभाषा संस्कृति समन्वय समिति एवं वैश्विक हिन्दीशाला संस्थान (वीएचएसएस जर्मनी) ने पूर्व केंद्रीय मंत्री डा.रमेश पोखरियाल 'निशंक' को नई दिल्ली में द लिटरेचर लॉरेट अवार्ड से सम्मानित किया। यह सम्मान निशंक को उनकी रचनाधर्मिता, हिन्दी एवं संस्कृत भाषा के सम्वर्धन और प्रचार–प्रसार के साथ ही लेखक गांव की संकल्पना को साकार करने के लिए प्रदान किया है। प्रेस क्लब आफ इंडिया में संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश नीरव एवं सचिव क्रिस्टीन म्यूलर ने डॉ. निशंक को यह सम्मान प्रदान किया। पंडित नीरव ने कहा कि डॉ. निशंक चुनिंदा राजनैतिज्ञ है, जिन्होंने हिन्दी एवं संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए कार्य किया है। वे आज भी इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। डा. निशंक ने सम्मान मिलने पर आभार जताया और कहा कि साहित्य सृजन समाज के निर्माण में एक अहम भूमिका निभाता है। भाषा–संस्कृति, आध्यात्म एवं आस्था का समावेश मानव के विकास में आवश्यक है, और पुस्तकें इसका सरल माध्यम है। कहा कि लेखक गांव रचनाधर्मिता का एक वैश्विक केंद्र बनने की कल्पना के साथ स्थापित हुआ है,

## चारधाम यात्रा की सभी व्यवस्थाएं समय पर चौक चौंबद करें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मंगलवार को चारधाम यात्रा तैयारियों को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समय से सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। डीएम ने आरडब्ल्यूडी को एसडीएम जोशीमठ के साथ समन्वय करते हुए जूता स्टैंड लगाने और डीईओ पीआरडी को स्किल के अनुसार पीआरडी जवानों की सूची उपलब्ध कराने को कहा। वहीं चारधाम यात्रा के वैकल्पिक मार्गों को दुरुस्त करने, एनएच को पातालगंगा में तेजी से कार्य पूर्ण करने और खाई की तरफ रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को धाम, यात्रा मार्ग, हॉल्डिंग प्वाइंट व मेडिकल हैल्थ पोस्ट पर बिजली पानी व अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू करने के निर्देश दिए। दूरसंचार विभाग को यात्रा मार्ग के साथ ही बद्रीनाथ व घांघरिया में नेटवर्क कनेक्टिविटी सुचारू करने और आपदा प्रबंधन अधिकारी कंट्रोल रूम स्थापित करने, जिला पूर्ति अधिकारी को डीजल, पेट्रोल व गैस का पर्याप्त स्टॉक रखने और पेट्रोल पम्पों पर पानी व शौचालय की व्यवस्था करने, आरटीओ को परिवहन व्यवस्था के साथ गाड़ियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं नगर क्षेत्रान्तर्गत नगर निकायों के ईओ व पंचायत क्षेत्रांर्गत अपर मुख्य अधिकारी को कूडा निस्तारण, साफ-सफाई रखने के साथ ही खुले स्थानों पर कूड़ा डालने वालों पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीएम ने पुलिस विभाग को धाम में बाहरी लोगों का शत प्रतिशत वेरिफिकेशन करने व खाद्य संरक्षा अधिकारी को सभी खाद्य प्रतिष्ठानों में रेट लिस्ट को लेकर कार्यवाही करने व फूड सेफ्टी को लेकर अभियान चलाने के निर्देश दिए। वहीं माणा में 12 वर्षों बाद 14 मई से 25 मई तक आयोजित होने वाले पुष्कर कुम्भ को लेकर पीडब्लूडी को भीमपुल से केशव प्रयाग तक रैलिंग लगाने व संगम पर जंजीरे व मार्ग पर बैरीकेडिंग करने व मुख्य चिकित्साधिकारी को डॉक्टरों की एक टीम आवश्यक उपकरणों के साथ तैनात करने के निर्देश दिए। जल संस्थान को हेमकुंड में घोड़े खच्चरों के लिए गर्म पानी की व्यवस्था करने और पशु चिकित्सा अधिकारी को घोड़े खच्चरों की टैगिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी आनन्द सिंह, अधीक्षण अभियन्ता राजेश चन्द्रा, पुलिस उपाधीक्षक अमित सैनी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## वन मंत्री सुबोध उनियाल ने नरेन्द्रनगर विस क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति समस्याओं के निराकरण हेतु की समीक्षा बैठक

देहरादून। प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में जनपद, टिहरी के नरेन्द्रनगर विधानसभा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के संबंध में उत्पन्न हो रही समस्याओं के निराकरण हेतु जल निगम तथा जल संस्थान के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने कहा कि गर्मियों के मौसम में अक्सर पानी की किल्लत देखने को मिलती है। नरेन्द्रनगर क्षेत्र में ऑल वेदर रोड निर्माण तथा ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाईन के निर्माण से नरेन्द्रनगर विधान सभा के कई गांवों में पानी की समस्या हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण क्षेत्र के पेयजल स्रोतों के साथ ही पाईपलाईनों की देखरेख समय–समय पर किया जाना सुनिश्चित करें। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए



कहा कि रेलवे के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर रेलवे से पेयजल स्रोतों के मरम्मत हेतु फण्ड रिलीज करने के संबंध में अग्रिम कार्यवाही की जाए। उन्होंने अधिकारियों को वॉटस्एप ग्रुप बनाकर सभी संबंधित अधिकारियों तथा ग्राम प्रतिनिधियों को ग्रुप में शामिल कर पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र में गर्मियों के दिनों में होने वाली पेयजल समस्या का निदान ससमय किया जाए ताकि पेयजल के कारण किसी भी प्रकार का जनअसंतोष उत्पन्न न होने पाए।

## भगवान परशुराम की जयंती पर किया हवन

देहरादून। ब्राह्मण समाज महासंघ की ओर से मंगलवार को भगवान परशुराम की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर हवन पूजन के साथ विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मोहयाल सभा प्रेमनगर के सहयोग से डीएवी कॉलेज प्रेमनगर के पास हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चारण के साथ हुआ इसके बाद हवन किया गया। कैंट विधानसभा की विधायक सविता कपूर भी कार्यक्रम में शामिल हुई। महासंघ के संरक्षक आचार्य पवन कुमार शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन और उनके चरित्र पर विस्तार से जानकारी दी गई। अध्यक्ष राजंदर व्यास ने भगवान परशुराम जयंती के बारे में बताया। महासचिव इकबाल नारायण ने कहा कि ब्राह्मण समाज महासंघ भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलते हुए ब्राह्मण समाज के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

## अश्विनी कुमार पृथ्वीवासी ने छेड़ा इनटेंजियलिज्म आंदोलन

देहरादून। सुभाष नगर स्थित इमेजिनेशन एकेडमी ऑफ़ फाइन आर्ट्स में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसको अश्विनी कुमार पृथ्वी वासी एवं प्रशांत आर्य ने संबोधित किया जिसमें इनटेंजिबल आर्ट के माध्यम से अश्विनी कुमार पृथ्वी वासी ने कला को एक नई परिभाषा देते हुए वैश्विक आह्वान और सामाजिक बदलाव के लिए इंगित किया है । ऐसे समय में जब कला का अधिकांश भाग व्यवसाय से जुड़ गया है प्रसिद्ध बहु आयामी कलाकार शिक्षाविद एवं दार्शनिक अश्विनी कुमार पृथ्वीवासी जी ने एक सशक्त व नई दार्शनिक अवधारणा प्रस्तुत की है इंटैंगिलिज्म तीन दशकों से अधिक प्रभावशाली यात्रा में लाखों जीवन को छूने वाले पृथ्वीवासी अब एक वैश्विक आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं जो कला को सामाजिक परिवर्तन का सीधा माध्यम बनाने की दिशा में कार्यरत है इनटेंजियलिज्म पारंपरिक और बाजार केंद्रित कला की धारणा को चुनौती देता है पृथ्वीवासी ने बताया कि सच्ची कला केवल सौंदर्य एवं आर्थिक मूल्य तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि निस्वार्थ भावना और साहस से और क्रोध होनी चाहिए उनके जीवन शैली और कार्य इसी दर्शन को प्रत्यक्ष रूप से दर्शाते हैं उन्होंने 20 से अधिक आत्मनिधि पोषित योग परियोजना के माध्यम से जन जागरूकता मुक्त शिक्षा पर्यावरणीय पहला और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में व्यापक योगदान दिया है । वर्ष 2001 में उन्होंने पृथ्वीवासी नाम को कानूनी रूप से अपनाया जिसका अर्थ है पृथ्वी का निवासी उनका यह कदम जाति धर्म और राष्ट्रीयता जैसे सामाजिक विभाजनों के विरुद्ध एक सशक्त प्रतीक बन उन्होंने अपने बेटे का नाम भी अर्थीयन पृथ्वीवासी रखा ताकि यह विचार आने वाले पीढ़ियों तक पहुंचे।

## ड्रोन, भारत के विकास में नए इंजन के समानः राज्यपाल

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को देहरादून छावनी के जसवंत ग्राउंड में आयोजित ''सूर्या ड्रोन टेक 2025'' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। भारतीय सेना की सेंट्रल कमांड द्वारा सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चर्स (एस.आई.डी.एम.) के सहयोग से आयोजित यह दो दिवसीय प्रदर्शनी (29–30 अप्रैल, 2025) देश में विकसित अत्याधुनिक ड्रोन प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित कर रही है, जो बहुआयामी सैन्य आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और ''आत्मनिर्भर भारत'' अभियान से प्रेरित हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस आयोजन की मेजबानी उत्तराखण्ड जैसे जीवंत और प्रगतिशील राज्य में होना हमारे लिए दोहरी खुशी का अवसर है। राज्यपाल ने कहा कि नवचार का उपयोग करने वाले अभियंताओं, उद्यमियों और नीति–निर्माताओं को एक साथ देखकर एक उभरते भारत की झलक दिखाई देती है जो भविष्य को अपने हाथों से गढ़ने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल तकनीकी प्रगति का साक्षी है, बल्कि यह भी प्रमाण है कि ड्रोन तकनीक किस प्रकार हमारे भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## इंटेंजिबलिज्म आंदोलन पहुंचा देहरादून

देहरादून। कला के क्षेत्र में सामाजिक बदलाव को लेकर इंटेंजिबलिज्म आंदोलन देहरादून पहुंचा गया है। मंगलवार को सुभाष नगर स्थित इमेजिनेशन एकेडमी ऑफ़ फाइन आर्ट्स में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसको अश्विनी कुमार पृथ्वी वासी एवं प्रशांत आर्य ने संबोधित किया। जिसमें इनटेंजिबल आर्ट के माध्यम से कलाकार, शिक्षाविद एवं दार्शनिक अश्विनी कुमार पृथ्वी वासी ने कला को एक नई परिभाषा दी और वैश्विक आह्वान और सामाजिक बदलाव के लिए इंगित किया है। कहा कि जब कला का अधिकांश भाग व्यवसाय से जुड़ गया है। ऐसे में यह अभियान कला को सामाजिक परिवर्तन का सीधा माध्यम बनाने की दिशा में एक पहल है। इनटेंजियलिज्म पारंपरिक और बाजार केंद्रित कला की धारणा को चुनौती देता है। सच्ची कला केवल सौंदर्य एवं आर्थिक मूल्य तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि निस्वार्थ भावना और साहस से और क्रोध होनी चाहिए।

## गणेश जोशी ने की आरआईडीएफ के अन्तर्गत प्रदेश में पॉली हाउस स्थापना कार्यो की जिलेवार समीक्षा

देहरादून। प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित योजना रुरल इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेन्ट फण्ड (आरआईडीएफ) के अन्तर्गत प्रदेश में पॉली हाउस स्थापनाकार्यो की जिलेवार समीक्षा की तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। मंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आरआईडीएफ योजना के अन्तर्गत प्रदेशभर में 14777 पॉली हाउस का निर्माण कार्य हर हाल में आगामी माह मार्च 2026 तक अनिवार्य रुप से पूरा कर लिया



जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि आरआईडीएफ योजना के अन्तर्गत प्रदेशभर में 14777 पॉली हाउस निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सम्बन्धित विभाग एवं कार्यदायी संस्था बेथवेट प्राईवेट लिमिटेड के अधिकारी/कर्मचारी आपसी समन्वय स्थाापित करते हुए युद्ध स्तर पर पॉली हाउस का निर्माण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निदेशक बागवानी मिशन को निर्देश दिये कि वे जिले स्तर से मुख्य/जिला उद्यान अधिकारियों से प्रतिमाह पॉली हाउस निर्माण हेतु सूची प्राप्त करते हुए कार्यदायी संस्था बेथवेट प्राईवेट लिमिटेड के नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निदेशक बागवानी मिशन को निर्देश दिये कि कार्यदायी संस्था बेथवेट प्राईवेट लिमिटेड के नोडल अधिकारी को प्रतिमाह 1500 पॉलीहाउस की सूची उपलब्ध कराये ताकि कार्यदायी संस्था प्रतिमाह 1500 पॉलीहाउस का निर्माण कर निर्धारित समयावधि में 14777 पॉली हाउस के निर्माण लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

# स्वास्थ्य विभाग को मिले 45 विशेषज्ञ चिकित्सक : डॉ. धन सिंह रावत

देहरादून। सूबे के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को 45 विशेषज्ञ चिकित्सक मिल गये हैं। पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम पूरा करने के उपरांत राज्य सेवा में लौटे इन सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों को विभिन्न जनपदों में तैनाती दे दी गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के आने से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी साथ ही चिकित्सालयों में आम लोगों को बेहतर उपचार मिल सकेगा।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर लगातार प्रयासरत है। सरकार द्वारा अस्पतालों में न सिर्फ आधुनिक चिकित्सा उपकरणों एवं दवाएं उपलब्ध कराई जा रही है बल्कि सरकार चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों



की तैनाती में भी जुटी है। इसी कड़ी में सरकार ने प्रदेशभर के विभिन्न जनपदों की चिकित्सा इकाईयों में 45 विशेषज्ञ चिकित्सकों को तैनाती दी है। जिसमें उधमसिंह नगर में 4 विशेषज्ञ चिकित्सकों को तैनात किया गया है। इसी प्रकार उत्तरकाशी, बागेश्वर, चमोली और पिथौरागढ़ में 3–3, रूद्रप्रयाग, टिहरी, चम्पावत व देहरादून में 2–2, हरिद्वार में 1, पौड़ी व नैनीताल में 6–6 और अल्मोड़ जनपद में 8 विशेषज्ञ चिकित्सकों को तैनाती दी गई है। ये सभी चिकित्सक अपनी पीजी की पढ़ाई के लिये देशभर के प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थानों में गये थे। अपना पीजी कोर्स पूरा करने के उपरांत अब ये चिकित्सक राज्य सेवा के लिये लौट आये हैं और प्रदेश के चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में आगे की सेवाएं देंगे। डॉ. रावत ने कहा कि इन विशेषज्ञ चिकित्सकों में सर्जन, जनरल मेडिसिन, ऑब्स एंड गायनी, कम्युनिटी मेडिसिन, फॉरेंसिक मेडिसिन, ईएनटी, बाल रोग विशेषज्ञ, एनेस्थीसियोलॉजिस्ट, ऑप्थॉमेलॉजिस्ट, रेस्पेरेट्री मेडिसिन आदि शामिल हैं। इन सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों के आने से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और सुदृढ़ हो जायेगी। जिससे आम लोगों को राजकीय चिकित्सालयों में बेहतर उपचार आसानी से मिल सकेगा।

### इन विशेषज्ञ चिकित्सकों को मिली तैनाती

पीजी कोर्स करने के उपरांत लौटै 45 विशेषज्ञ चिकित्सकों को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तैनाती दी गई है। जिनमें डॉ. अभिनव तरूण शर्मा एवं डॉ. नेहा सिद्दीकी को उप जिला चिकित्सालय सितारगंज, डॉ. महेश जोशी एवं डॉ. अशोक कुमार को जिला चिकित्सालय रूद्रप्रयाग, डॉ. अनिल कुमार बिष्ट व डॉ. आशीष गंगवार को जिला अस्पताल रूद्रपुर, डॉ. हिमानी पलडिया, डॉ. आस्था नेगी व डॉ. पारस गुप्ता को जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी, डॉ. निशा उपाध्याय, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. गीतांजली पाल व डॉ आनंद प्रसाद खंकरियाल को जिला चिकित्सालय पौड़ी, डॉ. कृतिका द्विवेदी, डॉ. नमिता चौहान, डॉ. मोनिका सम्मल, डॉ. साक्षी, डॉ. कपिल तिवारी, व डॉ. मयंक किशोर चंद को जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा, डॉ. गौरव जंगपांगी व डॉ. दिव्यांशू नैथानी को जिला चिकित्सालय टिहरी, डॉ. रजना डोबरियाल, डॉ. आकांक्षा बनकोटी, डॉ. मिनाक्षी गुरूरानी, डॉ. शैलजा कापड़ी व डॉ. विनोद कुमार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल के अधीन, डॉ. अनुलस्पाल व डॉ. सुशांत सिंह को उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट, डॉ. अंकिता कुमारी को उप जिला चिकित्सालय रानीखेत, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. अनु कोहली व डॉ. अरूण प्रकाश को जिला अस्पताल बागेश्वर, डॉ. अर्चिता जैन को उप जिला अस्पताल रूड़की, डॉ. प्रियंका धीमान, डॉ. जयजीत गुहा व डॉ. अमिता कुमारी को जिला अस्पताल गोपेश्वर, डॉ. रेहनुमा को उप जिला अस्पताल मसूरी, डॉ. अलीशा कटवाल को बेस चिकित्सालय कोटद्वार, डॉ. नीलम सेमवाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थलीसैण, डॉ. नीलम अधिकारी व भावना चंद को उप जिला चिकित्सालय धारचूला, डॉ. शिवानी सिंह को जिला अस्पताल नैनीताल, डॉ. कमल किशोर को नागरिक चिकित्सालय रानीखेत, डॉ. यशपाल सिंह मेहरा को जिला अस्पताल पिथौरागढ़ तथा डॉ. सरोज पंवार को जिला चिकित्सालय देहरादून में तैनात किया गया है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com